kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-28 | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

पर्यटन संस्कृतियों के बीच एक सेतु, आर्थिक अवसरों का एक चालक और सौम्य कूटनीति का एक शक्तिशाली साधन है।




उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

सेना ने थार रेगिस्तान में हथियारों से 'अग्नि वर्षा' कर युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया 11

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने संजय सरावगी की माता को दी श्रद्धांजलि 12

## संक्षेप

### एनसीईआरटी में अब 'न्यायिक भ्रष्टाचार' भी पढ़ाया जाएगा

नागपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने पहली बार अपनी कक्षा-8 की पाठ्यपुस्तक में न्यायिक भ्रष्टाचार और अदालतों में बढ़ते मामलों पर अध्याय शुरू किया है। पाठ्यपुस्तक में 'समाज में न्यायपालिका की भूमिका' टाइटल वाले नए अध्याय में न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली मुख्य चुनौतियों के बारे में बताया गया है, जिसमें अलग-अलग स्तर पर भ्रष्टाचार, जजों की कमी, मुश्किल कानूनी प्रक्रियाएं और बुनियादी ढ़ांचे की कमी के कारण मामलों का काफी लंबित होना शामिल है। पाठ्यपुस्तक के पिछले संस्करण में स्वतंत्र न्यायपालिका की अवधारणा, अदालत की संरचना और न्याय तक पहुंच के बारे में बताया गया था लेकिन भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया गया था। एनसीईआरटी ने सुनवाई में हालांकि देरी को नागरिकों के लिए समय पर न्याय में रुकावट के तौर पर बताया था। 'न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है' का जिक्र करते हुए पाठ्यपुस्तक अदालत में लंबित मामलों के अद्यतन आंकड़े देती है।

### पश्चिम बंगाल मतदाता सूची संशोधन: जरूरत पड़ने पर पड़ोसी राज्यों के न्यायिक अधिकारी संभालेंगे कमान

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) कार्य में तेजी लाने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो राज्य के बाहर के जिला न्यायाधीशों को तैनात किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपिन पंचोली की पीठ ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए जिला न्यायाधीशों, अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों और सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है।

### उत्तर प्रदेश के मेरठ में आग लगने से छह की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित किदवई नगर इलाके में सोमवार देर रात एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को सभी का मुस्लिम रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राथमिक जांच में शार्टसर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कपड़ा व्यापारी इकबाल अहमद का तीन मंजिल का मकान किदवईनगर के इस्लामाबाद की गली नंबर तीन में स्थित है। इसमें उनके दो बेटे आसिम और फारूक सयुंक्त परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात को इकबाल अपने बेटों के साथ तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गये थे। इस दौरान घर अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते तब तक पूरा मकान आग की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी आसपड़ोसियों ने इकबाल और फायर बिग्रेड को दी।

# सिंगापुर में मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो



सिंगापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ सिंगापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंगापुर में टीम यूपी को लगभग एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से ?60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' द्वारा संपन्न किए जा चुके हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। निवेशकों को उत्तर प्रदेश में हो रही प्रत्येक गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में ही यूपी को इतना बड़ा निवेश प्राप्त हुआ है। नौ वर्षों में यूपी ने तेजी से किया विकास मीडिया कर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर व जापान की यात्रा पर आया है। सिंगापुर पहुंचने के बाद सुबह 8:30 बजे से देर रात तक लगातार बैठकें चलीं और दूसरे दिन भी प्रातःकाल से ही कार्यक्रम जारी रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने समग्र विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ-नौ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जन-कल्याण के क्षेत्रों में तेज गति से विकास किया है। आज भारत और उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक रूप में देखी जा रही है। 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से मुलाकात मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। इसके अतिरिक्त प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठकें की गई। कई कंपनियां पहले से भारत और उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ने उल्लेख किया कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित हो रहे गंगा एक्सप्रेसवे में भी कुछ कंपनियों ने पहले से निवेश किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है। जेवर में एमआरओ और कार्गो हब की दिशा में पहल मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने उन अत्याधुनिक स्थलों का भी दौरा किया, जहां सामान्य लोगों का प्रवेश कठिन होता है। विशेष रूप से शीघ्र शुरू होने वाले जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो सुविधा और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने के लिए सिंगापुर की दक्षता का अध्ययन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत सहित विश्व के अनेक विमान अपने एमआरओ कार्यों के लिए सिंगापुर आते हैं। यह सुविधा भारत में, विशेष कर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस विषय पर गंभीर तैयारी कर रखी है और वे उत्तर प्रदेश के साथ संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। स्किलिंग मॉडल से 'एम्प्लॉयमेंट जोन' तक मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय स्किलिंग सेंटर (आईटीई) का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि हमने यूपी के अंदर हर जिले में स्केल को स्किलिंग में बदलने के लिए और स्किलिंग को रोजगार से जोड़ने के लिए 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई ● शेष पेज 11 पर

**सीएम के सिंगापुर दौरे का दूसरा दिन**

- मुख्यमंत्री ने कहा, 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य की ओर यूपी बढ़ा रहा निर्णायक कदम
- सीएम योगी ने दूसरे दिन सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत शीर्ष नेतृत्व से की मुलाकात
- एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, स्किलिंग और लॉजिस्टिक्स में व्यापक सहयोग पर बनी सहमति: मुख्यमंत्री
- दुनिया हुई पारदर्शी, निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी: सीएम
- आज भारत और उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक रूप में देखी जा रही है: योगी आदित्यनाथ

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सीमाओं में रहकर भूमिका का निर्वहन करना चाहिए : महाना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- बजट सत्र में 72 घंटे 45 मिनट स्थगन रहित चली यूपी विधानसभा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी सीमाओं में रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष महाना ने सत्र की उपलब्धियों और सदन के बदलते स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय था जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में शंका और निराशा का भाव था, किंतु आज वही सदन गंभीर, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का केंद्र बन चुका है। सतीश महाना ने कहा कि 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार, पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक को अपनाकर कार्यसंस्कृति में व्यापक सुधार किया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अब केवल एक ऐतिहासिक भवन नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, अनुशासन और जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन चुकी है। इन सुधारात्मक प्रयासों के कारण प्रदेश की विधानसभा को देश की अग्रणी विधानसभाओं में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बजट सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण, विचारोत्तेजक और परिणामोन्मुखी रहा। वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तृत, गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमबद्ध विचार-विमर्श हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई। प्रश्नकाल के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की गई, जबकि शून्यकाल में जनसरोकार के विविध विषय प्रभावी ढंग से उठाए गए। इससे स्पष्ट है कि सदन जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। विधान सभा अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय मर्यादाओं का सम्मान किया। मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग हैं, किंतु संवाद, संयम और शालीनता उसकी मूल आत्मा हैं। इस सत्र में स्वस्थ बहस, तार्किक प्रतिपादन और सकारात्मक सहभागिता देखने को मिली, जो प्रदेश की संसदीय परंपराओं के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा विधानसभा के बदलते स्वरूप की सराहना भी की गई। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए अध्यक्ष ने मीडिया प्रतिनिधियों का विशेष आभार व्यक्त ● शेष पेज 11 पर

## होलिका दहन पर भद्रा और चंद्रग्रहण का साया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- चार मार्च को खेली जाएगी होली

लखनऊ। इस बार होलिका दहन और होली खेलने के दिन में एक दिन का अंतर आ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार होलिका दहन पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया रहेगा। इसलिए होलिका दहन दो मार्च को होगा, जबकि भद्रा और चंद्रग्रहण लगने वजह से तीन मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। चार मार्च हो होली खेलना ही शुभ माना जा रहा है। ज्योतिर्विद डॉ. पं. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि, होलिका दहन के लिए उत्तम मानी जाती है। यदि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा का अभाव हो परंतु भद्रा मध्य रात्रि से पहले ही समाप्त हो जाए तो प्रदोष के बाद जब भद्रा समाप्त हो, शास्त्रों के अनुसार तब होलिका दहन करना चाहिए।

यदि भद्रा मध्य रात्रि तक हो तो ऐसी परिस्थिति में भद्रा पुच्छ के दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। परंतु भद्रा मुख में होलिका दहन करना उचित नहीं माना जाता है। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त दो मार्च की देर रात ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल होलिका दहन दो और तीन मार्च को लेकर असमंजस की स्थिति है। पर, काशी के ऋषिकेष पंचांग अनुसार दो मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 05:18 बजे से शुरू होकर तीन मार्च की शाम 04:33 बजे तक रहेगी। वहीं, भद्रा दो मार्च की शाम 05:18 बजे से सुबह 4:56 बजे तक रहेगी। होलिका दहन दो ● शेष पेज 11 पर

**बंगला बाजार में कारोबारी के कत्ल में बेटे के पकड़े जाने का मामला**

## पिता का सोते समय गोली मारकर उड़ाया था सिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- हत्या के बाद बोरी में हाथ पैर भरकर कार से ले गया था सदरौना, नहर किनारे झाड़ियों में फेंका



लखनऊ। आशियाना के बंगला बाजार में शराब व पैथोलॉजी कारोबारी मानवेंद्र सिंह को उनके बेटे अक्षत ने सोते समय सिर में गोली मारी थी। गोली से उनका भेजा उड़ गया था और कमरे में मांस से लोथड़े फैल तक गए थे। इसके बाद शव बाथरूम में घसीट कर ले गया। वहां आरी और चाकू से हाथ-पैर काटकर एक बोरी में रखे। अगले दिन कार से बोरी ले जाकर सदरौना में नहर किनारे झाड़ियों में छिपाया था। मंगलवार को यह खुलासा दोपहर पुलिस की पूछताछ में हुआ।

पुलिस टीम अक्षत को घटनास्थल उसके घर ले गई थी। आधे घंटे पूछताछ की कि उसने कैसे और कहां पिता को मारा था? आशियाना पुलिस टीम हत्यारोपित अक्षत को मंगलवार सुबह सदरौना लेकर पहुंची थी। सदरौना ने वह नहर किनारे झाड़ियों में पुलिस को ले गया। वहां एक बोरी रखी मिली। बोरी में मानवेंद्र के कटे हुए हाथ-पैर रखे थे। पुलिस ने उसे बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ के दौरान अक्षत ने बताया कि 19 फरवरी को देर रात पिता से उसका नीट की पढ़ाई को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह बेडरूम में सो गए थे। अक्षत पुलिस टीम को बेडरूम में ले गया। उसने बताया कि पापा यहां बेड पर सो रहे थे। 20 फरवरी को तड़के करीब 4:30 बजे उसने राइफल उठाई। पापा के सिर से सटाकर उन्हें गोली मार दी। बिस्तर और कंबल में मांस से लोथड़े चिपक गए थे। गोली की आवाज सुनकर बहन कृति जाग गई। उसने विरोध किया तो ● शेष पेज 11 पर

## पवन हंस का हेलीकॉप्टर मायाबंदर के पास समुद्र में गिरा, सभी सात लोग सुरक्षित

नयी दिल्ली। विमानन क्षेत्र की सरकारी कंपनी पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार सुबह मायाबंदर के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 9:30 बजे हुआ। हेलीकॉप्टर ने श्री विजया पुरम से सुबह करीब 8:45 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 45 मिनट बाद समुद्र में गिर गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है। एक वरिष्ठ नागरिक उड्डयन अधिकारी ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी पर क्रैश लैंडिंग की। सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में चल रहा है। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। पायलट का बयान अभी दर्ज ● शेष पेज 11 पर

## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गिरफ्तार चार दिन की पुलिस हिरासत

एजेंसी

**एआई समिट में प्रदर्शन मामला**



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पिछले हफ्ते एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के मामले में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह 8वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब को भी सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। गिरफ्तार की बाद पुलिस ने उदय भानु चिब को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया है। इससे पहले सोमवार को तीन और आरोपियों जितेंद्र यादव, राजा गुर्जर व अजय कुमार को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शन वाले दिन युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ तिलक मार्ग थाने में मामला दर्ज किया गया था।

कोर्ट ने उदय भानु चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने उदय भानु चिब की सात दिन की कस्टडी मांगी थी। पुलिस ने उन्हें मुख्य साजिशकर्ता (मास्टरमाइंड) करार देते हुए पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि चिब, जो इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रेसिडेंट हैं, उन्होंने साजिश रची और प्रोटेस्ट करने वालों को लॉजिस्टिक्स दिए। दिल्ली पुलिस ने कहा कि केस की जांच के लिए सात दिन की कस्टडी की जरूरत है। वहीं, सीनियर वकील संजय घोष उदय भानु चिब की तरफ से पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि उनके मुवक्किल फरार नहीं हैं, ● शेष पेज 11 पर

# 'सेवा तीर्थ' में पहली बार बैठा मोदी मंत्रिमंडल

**नये कार्यालय को बताया देश के नवनिर्माण की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति**

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फाल्गुन मास की शुक्ल अष्टमी, मंगलवार को पहली बार यहां नवनिर्मित प्रधानमंत्री कार्यालय भवन 'सेवा तीर्थ' में अपनी पहली बैठक में 'सेवा संकल्प' प्रस्ताव पारित किया और इसे भारत की विकास यात्रा में एक नया आरंभ बताया।

इस प्रस्ताव में पिछले एक दशक की उपलब्धियों और सुधारों को गिनाते हुए संकल्प व्यक्त किया गया है कि यह सरकार सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए भारत को निकट भविष्य में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम करेगी। प्रस्ताव में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के प्रति मंत्रिमंडल की प्रतिबद्धता और समर्पण भी व्यक्त किया गया है। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत ' सेवा संकल्प' में कहा गया है, '' आज युगाब्द 5127, विक्रम संवत 2082, शक संवत 1947, फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष..अष्टमी के दिन...24 फरवरी, 2026 को, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता



में, नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में केंद्रीय मंत्रिमंडल की ऐतिहासिक प्रथम बैठक आयोजित हो रही है। नये भवन को नये भारत के निर्माण की अभिव्यक्ति बताते हुए प्रस्ताव में कहा गया है, ' यह बैठक एवं यह भवन नए भारत के नवनिर्माण की एक प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। इस शुभारंभ के साथ ही हम उस भविष्य का स्वागत कर रहे हैं, जिसके निर्माण में सदियों का श्रम लगा है। आज़ादी के ● शेष पेज 11 पर

### पावर ग्रिड के पूंजी निवेश के अधिकार को बढ़ाया सरकार ने

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमडल ने महारत्न का दर्जा प्राप्त केंद्रीय उपक्रम पावरग्रिड के लिए अनुषंगी कंपनियों में शेयर पूंजी निवेश की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दी । इससे वह अपनी किसी भी अनुषंगी में 7500 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकेगी जबकि अभी तक यह सीमा 5000 करोड़ रुपये थी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैबिनेट कमेटी ने महारत्न केंद्रीय लोक उपक्रमों पर वर्तमान में लागू लोक उपक्रम विभाग के 4 फरवरी, 2010 के दिशानिर्देशों के तहत पावरग्रिड को ज़्यादा अधिकार देने को मंज़ूरी दे दी है। इससे पावरग्रिड की प्रति अनुषंगी शेयर-पूंजी निवेश सीमा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये प्रति सब्सिडियरी कर ● शेष पेज 11 पर

### केरल का नाम 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल ने केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम् करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 'सेवातीर्थ' में मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई पहली बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्चिनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के बाद से ही केरल के नाम को बदलने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति 'केरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026' के मसौदे को केरल विधानसभा की स्वीकृति के लिए भेजेंगी। संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत राष्ट्रपति इस विधेयक पर केरल विधानसभा का मत प्राप्त करेंगी। श्री वैष्णव ने बताया कि राज्य विधानसभा की स्वीकृति के बाद केन्द्र सरकार इस पर आगे कार्रवाई करेगी और इस विधेयक को संसद में पारित कराने के लिए पेश किया जायेगा। केरल विधानसभा ने 24 जून 2024 को केरल का नाम केरलम करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसमें कहा गया था कि मलयालम भाषा में राज्य का नाम केरलम है। एक नवंबर 1956 को राज्यों का गठन भाषायी आधार पर किया गया था। पहली नवंबर को केरल परिवार दिवस मनाया जाता है। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषी लोगों के लिए एक एकीकृत राज्य के गठन की मांग थी, लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल अंकित किया गया। केरल विधानसभा के उक्त प्रस्ताव में कहा गया है, ‍ यह सभा केन्द्र सरकार से सर्वसम्मति से आग्रह करती है कि वह संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत केरल के नाम को केरलम् करने के लिए तत्काल कदम उठाये। इसके बाद केरल सरकार ने केन्द्र सरकार से इस संबंध में कार्रवाई का अनुरोध किया था। इस पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विचार किया गया और प्रस्ताव को गृहमंत्री अमित शाह के अनुमोदन के बाद इस पर कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। इस प्रस्ताव पर कानून एवं न्याय मंत्रालय के कानूनी एवं ● शेष पेज 11 पर

# शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मंगलवार को संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न होने पाए।

बैठक के दौरान मंत्री ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा जिन लाभार्थियों की किस्तें लंबित हैं, उनका भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाकर वास्तविक पात्रों को जोड़ने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पीएम आवास योजना गरीबों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में सत्यापन की कार्यवाही लंबित है वहां जिलाधिकारियों से वार्ता कर उनमें तेजी लाई जाए। समीक्षा के दौरान मंत्री ने आकांक्षी नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, कान्हा गौशाला योजना एवं सीएम वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की जानकारी ली और शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत चयनित नगरों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, सीएम ग्रिड योजना के तहत शहरी अधोसंरचना को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए, कान्हा गौशाला योजना में गौवंश संरक्षण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के माध्यम से शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जिला एवं नगर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और गति–इन तीनों का समन्वय ही प्रदेश के शहरी क्षेत्रों को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव अनुज झा, रविंद्र कुमार प्रथम, विशेष सचिव प्रवीण लक्ष्यकार, सत्य प्रकाश पटेल, महेंद्र कुमार सिंह, निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सामूहिक नकल गिरोह का भंडाफोड़, एसटीएफ ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में सामूहिक नकल कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में स्कूल प्रबंधक का पुत्र, शिक्षक और सॉल्वर शामिल हैं। यह कार्रवाई मैनपुरी जिले के थाना बेबर क्षेत्र में की गई।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि श्री महाराज सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, जोत में विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षक और सॉल्वर की मिलीभगत से परीक्षार्थियों से मोटी रकम लेकर नकल कराई जा रही है। सूचना पर एक दिन पूर्व सोमवार को एसटीएफ टीम ने उप जिलाधिकारी, डीआईओएस और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कॉलेज से करीब 300 मीटर दूर कीकर के जंगल में छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष, अरुण कुमार उर्फ टिंकू, अंकित उर्फ प्रशांत, शिवा चौहान उर्फ शिव प्रताप सिंह, अवनीत उर्फ अभिजीत सिंह और अनूप कुमार के रूप में हुई है।

इनके कब्जे से इंटरमीडिएट गणित की लिखित उत्तर पुस्तिकाएं, जीव विज्ञान का प्रश्नपत्र, सीटिंग प्लान, परीक्षार्थियों का विवरण और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्कूल प्रशासन की मिलीभगत से सॉल्वर परीक्षार्थियों की कॉपियां लिखते थे और हल की गई उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा समाप्त होने से पहले बदल दी जाती थीं। इसके बदले परीक्षार्थियों से प्रति पेपर करीब 5 हजार रुपये वसूले जाते थे। इस मामले में थाना बेबर, जनपद मैनपुरी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एनआईआरएफ में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले शैक्षिक संस्थानों को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा है कि जो संस्थान एनआईआरएफ में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा, उसे नियमित बजट के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता सुधार के तहत 'स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क' लागू कर संस्थानों के लिए नैक, एनआईआरएफ और एनबीए लक्ष्य तय किए गए हैं। मार्च में कार्यशालाओं के माध्यम से संस्थानों को गुणवत्ता मानकों और डेटा गैप की जानकारी दी जाएगी। मंगलवार को प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने मुख्य भवन स्थित कार्यालय–कक्ष संख्या–87 में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर विभागीय तैयारियों का विस्तृत आकलन किया। बैठक में आशीष पटेल ने कहा कि सभी विभाग अपनी वास्तविक और तथ्यात्मक मांगें तीन दिन के भीतर संबंधित अनुभाग को भेजें तथा उसकी प्रति निजी सचिव को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाएं ठोस आधार पर तैयार हों, ताकि शिक्षा क्षेत्र में निवेश का सीधा प्रभाव गुणवत्ता और रोजगार पर दिखे।

## ट्रकों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 50 हजार का चालान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाया। थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कई ट्रकों की जांच की गई। दस्तावेजों में कमी, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर वाहनों का चालान किया गया। इस कार्रवाई से लगभग ?50,000 का राजस्व शासन के खजाने में जमा हुआ। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, यूपी बोर्ड को मिला पुस्तकों पर अधिकार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में यूपी बोर्ड को संबद्ध विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों के चयन का अधिकार प्रदान किया है। डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति नीरज तिवारी एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद शामिल रहे, ने स्पष्ट किया कि बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में केवल बोर्ड द्वारा अधिकृत और स्वीकृत पुस्तकें ही पढ़ाई जाएंगी। इस संबंध में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा दायर याचिकाओं को न्यायालय ने निस्तारित कर दिया। कोर्ट के फैसले को शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निर्णय से अब निजी प्रकाशकों की स्वतंत्र रूप से पुस्तकें लागू करने की प्रक्रिया पर रोक लगेगी।

## एडिशनल कमिश्नर पर आरोपों के बीच फोटो को बताया एआई जनरेटेड

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में एडिशनल कमिश्नर अजय पाल शर्मा को लेकर विवाद सामने आया है। शंकराचार्य द्वारा जारी एक फोटो और लगाए गए गंभीर आरोपों पर आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शामली में कप्तान रहते हुए अजय पाल शर्मा ने उन्हें जेल भेजा था, ऐसे में वे उनके साथ फोटो खिंचवा ही नहीं सकते। उन्होंने दावा किया कि जारी की गई तस्वीर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से तैयार की गई है। मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। प्रकरण को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं।

## 26 फरवरी को होगी मंडलीय उद्योग बंधु समिति की महत्वपूर्ण बैठक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन को गति देने के उद्देश्य से 26 फरवरी 2026 को अपराह्न 4 बजे आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक मंडलायुक्त महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। यह जानकारी संयुक्त आयुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया ने दी। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से संबंधित लंबित प्रकरणों, विद्युत आपूर्ति, भूमि आवंटन, बैंक ऋण, प्रदूषण नियंत्रण स्वीकृतियों एवं अन्य प्रशासनिक अड़चनों पर चर्चा की जाएगी। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाने की संभावना है। प्रशासन का उद्देश्य निवेशकों के अनुकूल वातावरण तैयार करना और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। अधिकारियों ने संबंधित विभागों एवं उद्यमियों से समय से उपस्थित होकर आवश्यक अभिलेख साथ लाने का अनुरोध किया है।

## होली, रमजान, ईद व नवरात्रि को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी होली, रमजान, ईद एवं नवरात्रि जैसे प्रमुख त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में व्यापक शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पीस कमेटी, सिविल डिफेंस, जिला अपराध निरोधक समिति तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी त्योहार परम्परागत ढंग से ही मनाए जाएं और किसी भी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत न हो। उन्होंने कहा कि होलिका दहन स्थलों का पूर्व निरीक्षण किया जाए और आयोजकों के साथ बैठक कर सुरक्षा, यातायात एवं सार्वजनिक आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज नियंत्रित रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने विद्युत विभाग को जर्जर तारों को दुरुस्त करने, स्वास्थ्य विभाग को सभी सीएचसी पर चिकित्सक एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एम्बुलेंस सेवाओं को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटी खोवा एवं अन्य खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए।

# भाजपा ने शिक्षा को रद्दी कर दिया है : अखिलेश

लखनऊ। राज्यसभा में भाजपा सरकार द्वारा पांच साल में 18,727 सरकारी स्कूलों को बंद किये जाने की बात स्वीकार किये जाने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने शिक्षा को रद्दी कर दिया है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में भी, विलय के नाम पर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की साज़िश की थी।

अखिलेश यादव ने इसे देश के भविष्य के विरुद्ध षड्यंत्र बताते हुए पूछा कि क्या भाजपाई और उनके संगी-साथी ये चाहते है कि अमीरों के बच्चे तो पढ़ें लेकिन पीडीए समाज के शोषित-वंचित बच्चे नहीं और पीडीए समाज के बच्चे श्रमिक-मज़दूर बनकर ही रह जाएं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही किताब नहीं बँटवा रही है, सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते हैं कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दक़ियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नज़रिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपाई शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान के ख़िलाफ़ रहते हैं तथा उनके संगी-साथी अपनी अति-संकीर्ण मानसिकता व एकरंगी नकारात्मक विचारधारा के तहत ही बच्चों को ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा-तालीम का अधिकार छीनना, भाजपाइयों का सामाजिक अपराध है। सरकारी शिक्षा के छिनने से सबसे ज़्यादा नुक़सान पीडीए समाज के लोगों को ही होगा।

# नगर आयुक्त ने गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर आयुक्त द्वारा आज शहंशाहपुर स्थित नगर निगम गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए स्वच्छता, पशु-स्वास्थ्य, प्रकाश व्यवस्था एवं हरित वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने गौशाला परिसर में व्यापक पौधरोपण, समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, गौवंशों की नियमित धुलाई एवं साफ-सफाई, डिफॉगर मशीन के प्रभावी उपयोग, उचित रजिस्टर संधारण, बीमार पशुओं के त्वरित एवं समुचित उपचार तथा गोबर से उप-उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भरता बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि गौशाला में संरक्षित गौवंशों की देखभाल, पोषण एवं स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार लाते हुए गौशाला को मॉडल स्वरूप में विकसित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान पशु कल्याण अधिकारी डा0 संतोष पाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा **ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग/टेंडर/66/2025–26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एलकेओ–जेडबीडी–एमजीएस खंड में एसजीई ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट के स्थान पर यूएफएसबीआई का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रू 14596410.12 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 223000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 300 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.03.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू० सं०: 106–सिग/टेन्डर/66/2025–26 दिनांक: 21.02.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 608/26


## ब्लाक प्रमुख ने दो सड़कों का फीता काटकर किया शुभारंभ



कोरांव प्रयागराज। कोरांव में दो नई सड़कें बनाई गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। पहली सड़क देवघाट से बडोखर मुख्य संपर्क से आद्या प्रसाद इंटर कालेज धुस तक है, जो लगभग 200 मीटर लंबी है और इसकी लागत लगभग 9 लाख रुपये है। यह सड़क क्षेत्र पंचायत निधि से बनाई गई है और इससे लगभग 1500 छात्रों और आम नागरिकों को लाभ होगा।

दूसरी सड़क जमुवा गांव में काली सड़क से राजेश कोरी के घर तक है, जो लगभग 230 मीटर लंबी है और इसकी लागत लगभग 10 लाख रुपये है। यह सड़क भी क्षेत्र पंचायत निधि से बनाई गई है और यह पहली बार बना है, इससे पहले यहां कच्चा रास्ता था। दोनों सड़कों का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने किया, जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य संगम लाल, राजा चौबे और दर्जनों लोग मौजूद थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा / निविदां 2025–26 दिनांक– 23/02/2026

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025–26 में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्य अंत्येष्टि स्थल में सी0 सी0 व बेंच निर्माण कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र फार्म दिनांक 23/02/2026 से दिनांक 01/03/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 01/03/2026 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 1000 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत | निविदा मूल्य | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंत्येष्टि स्थल मे सी.सी. व बेंच निर्माण कार्य | 994827.00 | 1000 रु. | ईट ,सीमेंट ,मौरंग, पत्थर गिट्टी, लोहा सरिया आदि | तीन माह |

**नियम व शर्ते**

1– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

2– आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी एंड क्वालिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर आपूर्ति करना होगा।

3– आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।

4–जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

5–विभिन्न प्रकार के शासकीय भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

6–आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

7– आपूर्ति की गयी सामग्री के परिवहन हेतु भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।

8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

9– निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

10–निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।

11–निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12–बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| तकनीकी सहायक | सचिव | प्रधान |
|---|---|---|
| शिव कुमार | अमरेंद्र सिंह | मीरा देवी |
| ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर– जनपद बाराबंकी | ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी | ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी |


## आज से शुरु होगा 'संवाद सेतु'

कन्नौज। उत्तर प्रदेश में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कल 25 फरवरी से 'संवाद सेतु' जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर व्यवस्था कन्नौज, गाजियाबाद, हरदोई में लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में शुरू होगी। विधानसभा में जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच फोन पर बात करने के मुद्दे पर शिकायतें आई थीं।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस संबंध में तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जिससे योजना सुचारु रूप से लागू हो सके। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत इन जनपदों में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा।

# 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026' में युवाओं ने लोकतंत्र पर रखे प्रभावशाली विचार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का जिला स्तरीय आयोजन गोल्डन जुबिली हॉल में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद शंकर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय ‰50 वर्ष आपातकाल के: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक‰ रहा, जिस पर प्रतिभागियों ने निर्धारित समय सीमा में तार्किक एवं ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन पूर्णतः मेरिट के आधार पर किया। यूथ कनेक्ट सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता एवं यूथ आइकॉन अभिषेक शुक्ला ने युवाओं को शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट हेतु किया गया, जो लखनऊ स्थित विधानसभा में आयोजित सत्र में सहभागिता करेंगे। समापन अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# विधायक ने किया विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन

❒ उत्तर क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले तक बेहतर बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : डॉ. नीरज बोरा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। विधायक ने लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों और नालियों के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सीतापुर रोड से भार्गव फार्म तक तथा द्वारकापुरी में बेरी होटल चौराहा से शिव मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराया जाएगा। वहीं फैजुल्लागंज प्रथम (वार्ड संख्या-48) में बेरी होटल से मुर्गी फार्म होते हुए सीतापुर रोड को जाने वाले मुख्य मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य भी शामिल हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ उत्तर क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले तक बेहतर बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए आधुनिक नालियों का निर्माण किया जा रहा है और यातायात को सुगम बनाने के लिए मजबूत सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये विकास कार्य स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम में भाजपा पार्षद रश्मि सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, महामंत्री विनोद अवस्थी, दिनेश पाल, श्याम किशोर शुक्ला, दिनेश दीक्षित, सुनीत तिवारी, नम्रता सिंह, मंजीद्र दीक्षित, पंकज गुप्ता, नीरज अवस्थी, धर्मेंद्र सिंह, दिलीप मिश्रा, वेद सिंह, रामदेव सिंह, किशोर प्रजापति, अनिल मिश्रा, नैमिष शर्मा, शीलू जायसवाल, रामदुलारी गुप्ता, विमल साहू, लक्ष्य प्रताप सिंह, नैमिष पांडे सहित नगर निगम के अधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एआई समिट में कांग्रेस की नग्नता देश विरोधी : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज कहा कि विगत दिनों दिल्ली में आयोजित एआई समिट में दुनिया भर के लोग एकत्रित हुए। इस वैश्विक आयोजन के विरोध में कांग्रेस इतना आगे बढ़ गयी कि उसने मर्यादा तोड़ कर समिट में 'नग्नता' का प्रदर्शन किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि हम हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे तो ही भारत आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया की जरूरत को देखते हुए एआई समिट किया। कांग्रेस को देश का आगे बढ़ना अच्छा नहीं लगता है। सत्ता के लिए कांग्रेस के राहुल गांधी और उनकी टीम देश के अंदर हो या बाहर भारत को अपमानित करने का हर प्रयास कर रहे हैं। वह भारत को शर्मसार करने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वह जो कर रहे हैं, वह देशद्रोह की श्रेणी में आता है। एआई समिट में नंगा नाच करना बहुत घटिया रास्ता है। विरोध के नाम पर कांग्रेस ने नग्नता का प्रदर्शन किया है। गांधी जी से लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस तक ने भारत माता की सेवा की। आज कांग्रेस भारत के विकास के रास्ते में रोड़ा बन रही है। ब्रजेश पाठक ने राहुल का मतलब भी बताया। उन्होंने कहा कि रा- से रार, हु- से हुड़दंग। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर कीचड़ उछालना सूरज पर थूकने जैसा है। राहुल जी आप देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। देश में दंगे कराना, मा भारती को बदनाम करना, आपका फैशन बन गया है। राहुल गांधी राजीव गांधी फाउंडेशन में चीन से आए पैसे लेकर देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। राहुल गांधी को बताना होगा कि आप चीन से पैसा क्यों ले रहे थे। दुनिया में भारत की ताकत बढ़ी है। कांग्रेस ने जब देश की सत्ता छोड़ी तब भारत कहां खड़ा था। आज चौथे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अखिलेश यादव के 100 विधायक लाने पर मुख्यमंत्री बनाये जाने वाले बयान पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश और राहुल दोनों एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। अखिलेश यादव समझ रहे हैं कि सत्ता पारिवारिक है और वैसे ही ट्रांसफर हो जाएगी लेकिन सत्ता उसे मिलेगी जिसे जनता चाहेगी।

## दो नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, तीन गिरफ्तार

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना के अंतर्गत सोमवार को बेलसापुर निवासी दो युवक बाइक से जा रहे थे तभी एक कार से कुछ लोगों ने टक्कर मारकर गिरा दिया था।इसके बाद जमकर पिटाई कर घायल कर दिया था। इतना ही नहीं इसके बाद कार से अपहरण कर ले गए थे और भीठौली में छोड़ दिया था ।इस मामले की रिपोर्ट दो नामजद तीन अज्ञात सहित पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है।इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया आलोक सिंह मित्र शानू पांडे बेलसापुर निवासी बाइक से लखनऊ जा रहे थे। तभी इटौंजा ओवर ब्रिज के ऊपर कार से आकर कुछ लोगों ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद पिटाई कर दी थी घायल हालत में आलोक सिंह को कार में अपहरण कर ले गए थे उनको ले जाकर भीठौली में छोड़ दिया था। इसके बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। घटना को लेकर पुरानी रंजिश बताई जा रही है ।इस मामले में राहुल और सुमित दो लोगों के खिलाफ नाम जद तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके अंतर्गत बलवा जान से मारने कार से टक्कर मार कर गिरा देना, अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। खजुरी निवासी राहुल ,शैलेश, जल्लापुर सीतापुर निवासी सुमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मारपीट की घटना में संलिप्ट आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पीड़ित आलोक की परिजनों ने ट्रामा सेंटर से भर्ती कराने के बाद इटौंजा थाने पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और हंगामा काटा मुकदमा लिखने के बाद परिजन शांत हुए।

## तृतीय ग्रामीण युवा टूर्नामेंट का भव्य समापन, बछरांवा बनी चैम्पियन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सराई गुदौली गांव में आयोजित तृतीय ग्रामीण युवा क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की मिसाल पेश की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद कौशल किशोर उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, डी.डी. त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडेय तथा टूर्नामेंट आयोजक एवं ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा , मनीष पटेल मंच पर मौजूद रहे।

## भगवान भाव के भूखे हैं : त्रिलोकी नाथ तिवारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज ब्लाक अंतर्गत शहजादेपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथावाचक त्रिलोकी नाथ तिवारी ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा, भगवान भाव के भूखे हैं। उन्होंने समझाया कि मानव शरीर पंचतत्व — पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश — से निर्मित है। जब मनुष्य सच्चे भाव, समर्पण और निष्कपट हृदय से प्रभु का स्मरण करता है, तभी ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने भक्ति, सेवा और त्याग को ईश्वर प्राप्ति का सरल मार्ग बताते हुए श्रोताओं को जीवन में धर्म, सदाचार और संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर प्रवचन सुनते रहे। प्रवचन के उपरांत मनमोहक झांकी के माध्यम से वामन भगवान का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। वामन अवतार की दिव्य झांकी ने सभी को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा के मुख्य आयोजक मोहित शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। तीसरे दिन की कथा ने शहजादेपुर को भक्ति के रंग में रंग दिया, जहां हर हृदय में श्रद्धा और हर मुख पर भगवान का नाम गूंजता नजर आया।

## कल से शुरू होगा 'उत्कर्ष 26'

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप का वार्षिकोत्सव उत्कर्ष' 26 का आयोजन 26 से 28 फरवरी की अवधि में आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के लखनऊ कैम्पस के लगभग बीस हजार छात्र-छात्राएं तथा लखनऊ तथा प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के हजारो छात्र अपनी सहभागिता करेगें। उत्तर भारत के सर्वोत्तम प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने वाले इस उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, होटल मैनेजमेंट, खेल, साहित्य, ललित कला एवं मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष आदि प्रतियोगिताओं की विभिन्नता देखने को मिलेगी। उत्कर्ष 26 का थीम विरासत से विकास तक है। यह तीन दिवसीय आयोजन बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के शिक्षकों और छात्र-छात्रओं की टीम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समापन के दौरान मुख्य अतिथि अलका दास गुप्ता, चेयरपर्सन, बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप, विराज सागर दास, प्रेसीडेंट, बीबीडी ग्रुप, देवांशी दास वाइस प्रेसीडेंट एवं सोनाक्षी दास, वाइस प्रेसीडेंट बीबीडी ग्रुप होगें, जिनके द्वारा उत्कर्ष 2026 की विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता टीम को पारितोषिक प्रदान किये जायेगें और सर्वोत्तम प्रस्तुति के लिये चैम्पियनशिप ट्रॉफी भी प्रदान की जायेगी।

## थाने के गेट से सौ मीटर दूर युवक से मारपीट, एफआईआर

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी थाने के गेट से महज 100 मीटर की दूरी पर युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सोमवार की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता मोनू मौर्य निवासी ग्राम मामपुर बाना थाना सुबह गांव के बाहर शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लगे नल पर पानी भरने को लेकर किरायेदार द्वारा गुटखे धोकर पानी की बाल्टी वहीं छोड़ देने की बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर किरायेदार के मकान का लड़का मुकुल ने गाली-गलौज की।जिसके बाद रात करीब आठ बजे मुकुल तथा दीप ने रास्ते में रोककर मोनू मौर्य को जमीन पर गिरा दिया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में पीड़ित की पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।वहीं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया। पुलिस ने तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शटर काटकर चोरी

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर हाईवे किनारे अर्जुनपुर में मंगलवार तड़के करीब तीन बजे अज्ञात चोरों ने मौर्या कृषि केंद्र की दुकान का लोहे का शटर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से 80 किलो उरद, 40 किलो धनिया, 20 किलो पालक के बीज और एक एलपीजी गैस सिलेंडर उठा ले गए।सुबह जब दुकानदार राम शंकर मौर्या दुकान खोलने पहुंचे तो शटर कटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और बीज के बोरे व सिलेंडर गायब थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की पीड़ित ने इटौंजा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

# बख्शी का तालाब में हाईवे किनारे सैकड़ों दुकानदारों को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ।बख्शी का तालाब कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 लखनऊ-सीतापुर हाईवे किनारे पक्का निर्माण कर कारोबार कर रहे सैकड़ों व्यापारियों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नोटिस जारी कर 50 वर्गमीटर तक के कथित अनाधिकृत कब्जे को सात दिन के भीतर हटाने का निर्देश दिया है। नोटिस मिलते ही कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और बाजार में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।एनएचएआई की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण न हटाए जाने पर प्राधिकरण स्वयं कार्रवाई करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों की होगी। प्रशासनिक हलकों में इसे हाईवे चौड़ीकरण और सुरक्षा मानकों के अनुपालन से जुड़ा कदम बताया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मोहनलालगंज के पूर्व सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के हस्तक्षेप के बाद प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई पर अस्थायी रोक लग गई थी। व्यापारियों को उम्मीद थी कि स्थायी समाधान निकलेगा, लेकिन ताजा नोटिस ने उनकी चिंताएं फिर बढ़ा दी हैं।संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान ने कहा कि होली पर्व नजदीक है और व्यापारी लाखों रुपये का माल दुकानों में भर चुके हैं। ऐसे समय में सात दिन की नोटिस देना न केवल अनुचित है बल्कि छोटे व्यापारियों के लिए आर्थिक संकट खड़ा कर सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने राहत नहीं दी तो व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला से शीघ्र मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा और त्योहारी सीजन तक कार्रवाई स्थगित करने की मांग की जाएगी।फिलहाल बाजार में अनिश्चितता का माहौल है। दुकानदार प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और वैकल्पिक समाधान निकालने की अपील कर रहे हैं, ताकि व्यापार और रोजी-रोटी पर संकट न आए।

# फूंका राहुल गांधी का पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ ।कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ए आई समिट में शर्ट उतार कर किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरुद्ध आज भाजपा महिला मोर्चे की जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं के साथ काकोरी के दुर्गागंज चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला जलाया गया।राहुल गांधी मुर्दाबाद,कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाल कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सारी दुनिया के सामने भारत की छवि को धूमिल किया है।इस प्रकार के नग्न प्रदर्शन ने कांग्रेस की नग्न मानसिकता को उजागर किया है । संवाददाता द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर मंडल उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि जनता ने सत्ता से बाहर कर के कांग्रेस को पहले ही नंगा कर दिया है और वे उसी नग्नता का प्रदर्शन दुनिया के सामने कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं हो रही है।जहां विश्व ए आई तकनीक से स्वर्णिम भविष्य की तलाश कर रहा है,उसकी संभावनाओं पर विचार विमर्श कर रहा है वही कांग्रेस अपना दिमागी दिवालियापन दिखा रही है। अगर राहुल गांधी को कोई दिक्कत थी तो लोकसभा में प्रश्न उठाते,जंतर मंतर पर धरना देते या प्रदर्शन करते परन्तु इस तरह विदेशी मेहमानों के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन कर के कांग्रेस ने जो भारत की छवि पेश की है वह बहुत ही निंदनीय है,शर्मनाक है। इस विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य,सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव,प्रतिभा वर्मा,नीलम श्रीवास्तव,धीरू मौर्य,विपिन राजपूत,रविराज लोधी,दिवाकर लोधी,नवनीत निगम,संजय सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बिना हेलमेट वालों पर चला पुलिस का डंडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। त्योहारों के मद्देनज़र राजधानी में कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया। दुबग्गा सीतापुर बाईपास समेत शहर के कई प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चले इस विशेष अभियान के दौरान सीतापुर बाईपास और दुबग्गा इलाके में जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाई गई। जैसे ही वाहन चेकिंग शुरू हुई, नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया। बिना हेलमेट फर्राटा भर रहे बाइक सवारों को मौके पर ही रोका गया, कड़ी चेतावनी दी गई और कई चालकों के चालान काटे गए।

दिवेश शाही के नेतृत्व में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई। वहीं छंदुइया क्षेत्र के टीएसआई आनंद प्रकाश तिवारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

अधिकारियों का साफ कहना है कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहे और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# दुष्कर्म और जबरन गर्भपात का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुकदमा दर्ज करने की मांग**

**दो वर्ष तक चलता रहा प्रेम प्रसंग, शादी की बात उठाने पर आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती ने क्षेत्र के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

युवती के अनुसार वह बख्शी का तालाब स्थित एक सिलाई सेंटर में कार्यरत है, जहां उसकी पहचान आदर्श नगर, सीतापुर निवासी आकाश उर्फ प्रिंश से हुई थी। दोनों के बीच करीब दो वर्षों से प्रेम संबंध थे। आरोप है कि युवक ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी युवती विवाह की बात करती, आरोपी किसी न किसी बहाने से टाल देता था।

पीड़िता का कहना है कि संबंधों के दौरान वह दो बार गर्भवती हुई। आरोप है कि दोनों बार युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर जबरन गर्भपात की दवा खिलाई, जिससे उसका गर्भपात हो गया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में जब उसने स्पष्ट रूप से शादी करने को कहा तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश चन्द्र दुबे ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के नये लोगो का अनावरण

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइज़ी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को अपने नए लोगो का अनावरण किया। टीम प्रबंधन के अनुसार यह केवल एक नया डिज़ाइन नहीं, बल्कि शहर, प्रदेश और प्रशंसकों की भावनाओं का प्रतीक है। नए लोगो में तीन प्रमुख चिन्ह गरुड़, मुकुट और हाथी को समाहित किया गया है, जो लखनऊ और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों को दर्शाते हैं।

गरुड़ साहस और ऊँचा उठने की आकांक्षा का प्रतीक है, जो टीम के निडर और आक्रामक क्रिकेट को दर्शाता है। मुकुट गर्व और जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो यह याद दिलाता है कि टीम मैदान पर उतरते समय लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करती है। लोगो के केंद्र में स्थित हाथी शक्ति, बुद्धिमत्ता, धैर्य और एकता का प्रतीक है, जो प्रशंसकों के अटूट समर्थन को दर्शाता है।

टीम के मालिक एवं आरपीएसजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन शास्वत गोयनका ने कहा कि नया लोगो टीम और प्रदेश के बीच भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

# ग्रीन अभियान ने 200एम+ डिजिटल व्यूज़ पार किए

❒ संजय दत्त और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ग्रीन अभियान को डिजिटल क्रांति में बदला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। युवा मतदाता जागरूकता अभियान, जिसे पर्यावरण संरक्षण एवं नेट ज़ीरो उत्सर्जन पहल के साथ एकीकृत किया गया है, ने सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ संजय दत्त की उपस्थिति में आयोजित भव्य रोड शो के पश्चात असाधारण जनसमर्थन दर्ज किया है।

यह रोड शो एक सशक्त जनसक्रियता मंच के रूप में उभरा, जिसमें बड़े पैमाने पर नागरिक सहभागिता देखने को मिली और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उल्लेखनीय जुड़ाव उत्पन्न हुआ। अभियान की कुल पहुंच अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन व्यूज़ को पार कर चुकी है, जो मजबूत जनरुचि और युवाओं द्वारा संचालित व्यापक प्रसार को दर्शाती है।

इस पहल का केंद्रीय संदेश – युवाओं को मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नेट ज़ीरो जागरूकता को आगे बढ़ाना – युवा नागरिकों के बीच व्यापक रूप से प्रभावी सिद्ध हुआ है। यह अभियान लोकतांत्रिक भागीदारी, सतत जीवनशैली और जलवायु जिम्मेदारी को लेकर रचनात्मक संवाद को निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है। इस आंदोलन ने सिविल सोसायटी संस्थाओं का भी सकारात्मक ध्यान आकर्षित किया है, जहां कई संगठनों और एनजीओ ने इस पहल से जुड़कर इसके प्रभाव को और विस्तारित करने में रुचि व्यक्त की है।

अभियान आगे भी विस्तारित जागरूकता और जनसंपर्क प्रयासों के साथ जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य युवा मतदाताओं को सशक्त बनाना, लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करना तथा पर्यावरण संरक्षण और नेट ज़ीरो उत्सर्जन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है।

## वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान के निधन पर पसमांदा मुस्लिम समाज ने जताया दुख

लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान के असामयिक और दुखद निधन पर पसमांदा मुस्लिम समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत और समाज के विभिन्न वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई है। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि मोहम्मद इरफान एक सजग, निष्पक्ष और कर्मठ पत्रकार थे, जिन्होंने सदैव समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनका निधन न केवल पत्रकारिता जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री मंसूरी ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें यह असह्य दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पसमांदा मुस्लिम समाज के बेलदारी लेन स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि इरफान साहब अपनी बेबाक लेखनी और सरल स्वभाव के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने नम आंखों से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भनवापुर विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

❒ मंत्री सुरेश राही ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । भनवापुर विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न, मंत्री सुरेश राही ने किया शुभारंभआज दिनांक 23 फरवरी 2026 को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव पूरे हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री माननीय सुरेश राही जी के द्वारा दीप जलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं राष्ट्र प्रेम से को ओत - प्रोत आयोजनों से उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कारागार मंत्री सुरेश राही जी द्वारा बच्चों के कार्यक्रमों एवं विद्यालय के क्रियाकलापों की प्रशंसा की गयी । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता जी द्वारा अभिभावकों के खातों में बच्चों को दी जा रही सहायता राशि का शत प्रतिशत उपयोग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं में किए जाने एवं बच्चों से मन लगाकर शिक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य ने वार्षिकोत्सव आयोजन के प्रयोजन पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम प्रतिभागी बच्चों, मेधावी छात्र/छात्राओं एवं शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अवधेश कुमार जायसवाल द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों अभिभावकों शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहित शुक्ला जी द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव, मुन्ना सिंह पिंकू यादव सोबरन लाल बलवीर सिंह प्रदीप पांडे आनंद अवस्थी, शैलेंद्र राज,मदन लाल गौतम ,अनु सिंह सुनीता यादव, रामशरण तिवारी, राजेन्द्र मिश्रा सम्मू,आलोक कुमार,अंशुल भार्गव, जितेंद्र श्रीवास्तव,जयप्रकाश निगम, सोनम सिंह,प्रवीण कुमार, मोनिका शुक्ला, पूजा दीक्षित, सरोज कुमार, सर्वेश कुमार वर्मा, वीरेश कुमार, नमिता गुप्ता, स्मृति सिंह, मिश्री लाल, हेमलता सिंह, सरिता मौर्य, शशि देवी सुषमा जायसवाल सहित सैकड़ों अभिभावक एवं छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

❒ संयुक्त कार्यालय में हैसियत प्रमाण-पत्र से संबंधित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त न दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विजय विश्वास पंत, मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल द्वारा आज सीतापुर कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय, नजारत अनुभाग, एलबीसी, शस्त्र अनुभाग, शिकायत प्रकोष्ठ, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय सहित विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन किया।

संयुक्त कार्यालय में हैसियत प्रमाण-पत्र से संबंधित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रमाण-पत्र समयबद्ध रूप से जारी किए जाएं। उन्होंने उपजिलाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाओं का परीक्षण कर प्रान एकाउंट, अवकाश विवरण आदि प्रविष्टियों की जानकारी ली तथा जिनकी सेवापुस्तिका उपलब्ध नहीं है, उनसे शीघ्र पत्राचार कर प्राप्त करने के निर्देश दिए।आईजीआरएस पर लंबित एवं डिफाल्टर प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया। एल0बी0सी0 पटल के निरीक्षण के दौरान 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि के आवंटन एवं व्यय की जानकारी लेकर अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।डीएलआरसी पटल में धारा-98 से संबंधित प्रकरणों तथा अंतिम तीन निस्तारित फाइलों का परीक्षण कर वर्षवार रजिस्टर संधारित करने और अभिलेखों के उचित रख-रखाव के निर्देश दिए। शिकायत प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री संदर्भ एवं आरटीआई शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने तथा रजिस्टर अद्यतन रखने को कहा।अभिलेखागार में नकल रजिस्टर, शस्त्र अनुभाग में शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण एवं वरासत पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए शस्त्र दुकानों के संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए। नजारत अनुभाग में संचालित कार्यों एवं किश्तों की स्थिति जानी। संग्रह अनुभाग में जारी एवं निस्तारित आरसी की जानकारी लेकर तहसीलवार मिलान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# कोई भी अधिकारी निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल को नहीं छोड़ेगाः डीएम

❒ लाटसाहब जुलूस की सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से होगी निगरानी:एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। होली पर्व पर निकलने वाले छोटे एवं बड़े लाटसाहब के जुलूस तथा होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में भ्रमण कर ड्यूटी स्थलों एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए स्थानीय व्यक्तियों से समन्वय स्थापित करें तथा उनके नाम एवं संपर्क विवरण की सूची तैयार रखें। जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने संबंधित को ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों को ठीक कराने, ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित रूप से ढकने तथा जुलूस मार्ग एवं संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध कराने के निर्देश दिए। कहा कि ड्यूटी पर तैनात कोई भी अधिकारी निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल को नहीं छोड़ेगा। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जुलूस के दौरान निर्धारित जुलूस मार्गों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिससे जुलूस को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराया जा सके। कहा कि होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई, बालू की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जुलूस के दौरान तीन एंबुलेंस सहित पर्याप्त औषधियों एवं चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएचसी, पीएचसी पर भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को जुलूस मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं सुदृढ़ प्रबंध किए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया कि जुलूस की सतत निगरानी सीसीटीवी कैमरों तथा ड्रोन से भी पूरे आयोजन पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस विभाग के अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी को गंभीरता से लें, लापरवाही न की जाए।

## नगर आयुक्त ने जनसुनवाई में सुनी महानगर की समस्याएं



शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के तहत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महानगर के लोगों ने नगर आयुक्त को क्षेत्र में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को बताया। नगर आयुक्त ने जन समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। जन-सुनवाई में 07 समस्यायों प्राप्त हुईं। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता सहित अन्य नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी आदि मोजूद रहे।

# खाद्य विभाग की टीम का छापेमारी अभियान जारी, खाद्य तेलों के लिए नमूने, किया सीज

❒ एक्सपायरी नमकीन व नूडल्स को किया नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश और सहायक आयुक्त खाद्य-।।६ अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में लगातार खाद्य विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की जा रही है और कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज खाद्य विभाग की टीम ने फर्रुखाबाद रोड पर कलान स्थित राघव एजेंसीज पर छापेमारी की और वहां से राज कोल्हू ब्राण्ड के राईस ब्रान ऑयल का नमूना और डबल बादशाह ब्राण्ड के कच्ची घानी सरसों का तेल के एक नमूना लिया और दोनों नमूनों को नियमानुसार संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। इसके अलावा श्री ब्राण्ड की एक्सपायरी करीब 110 किलोग्राम नमकीन, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 20 हजार रूप्ये एवं 25 पेटी नूडल्स जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग पांच हजार रूपये को विनष्ट कराया गया। वहीं, 23 फरवरी को राज्य स्तरीय सचल दल ने जमौर स्थित केसी एडिबल ऑयल से क्रूड राइस ब्रान ऑयल का एक नमूना और गड़ी गाड़ीपुरा में स्थित गर्ग एडिबल ऑयल से मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल का एक नमूना, रिफाइन्ड सनफ्लावर ऑयल का एक नमूना, रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल का एक नमूना, शाही किसान मल्टीसोर्स एडिबल आयॅल का एक नमूना एवं सांवरिया कच्ची घानी सरसों का तेल का एक नमूना लिया। उक्त खाद्य तेलों की लगभग 894 लीटर मात्रा, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 141260/- रूपए को सीज किया। अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि खाद्य विभाग की कार्रवाई होली पर्व तक जारी रहेगी।

# प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने लखीमपुर खीरी में की योजनाओं की समीक्षा, डीएम की पहल की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।

अटल सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों और संबंधित परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा की।बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुँचे। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जिले में मुख्यमंत्री और शासन की मंशा के अनुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर समृद्ध किया जा रहा है। सभी अधिकारी इसे और अच्छे से क्रियान्वित कराएँ और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।प्रभारी मंत्री ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 के 131 केंद्र 31 मार्च तक और 2025-26 के 78 केंद्र अप्रैल माह तक पूर्ण किए जाएँ।लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में धनराशि स्वीकृत हुई है, सभी कार्यों में नियमानुसार निविदा प्रक्रिया पूरी कर मार्च से कार्य प्रारंभ कराया जाए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में टैंक का कार्य पूर्ण हो गया है, वहां अवशेष कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण कर परियोजनाओं को क्रियाशील बनाया जाए।डीआईओएस से प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चयनित विद्यालयों की अद्यतन स्थिति जानी गई और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। वहीं, मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल विंग में बाधा बन रहे विद्युत संयोजन के संबंध में कार्यदाई संस्था और यूपीपीसीएल को 15 दिन में समाधान के आदेश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कृषि समेत विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा भी प्रभारी मंत्री ने की। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर भारत-नेपाल सीमा के मोहाना और करनाली नदी पार बसे गांवों में जीवनस्तर सुधार और समृद्धि लाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न

❒ परीक्षा में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर । सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत गृह विज्ञान विषय की पाक कला संबंधी प्रयोगात्मक परीक्षा उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कक्षा सप्तम की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता ,कौशल और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा सप्तम की छात्राओं ने अत्यंत पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी कला का परिचय दिया । कक्षा अध्यापिका अंजली जी ने छात्राओं को बड़े ही प्रेम और रुचि के साथ विभिन्न व्यंजनों को बनाने तथा आकर्षक ढंग से परोसने की विधियां सिखाई। इस परीक्षा में कुल पांच प्रकार के व्यंजन बनाए गए।

जिसमें 26 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें जानवी द्विवेदी, अदिति गुप्ता, मान्या यादव, राधा पोरवाल ,काव्या मिश्रा, ने अपनी टीम सहित क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किया परीक्षा के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती किरन सिंघल जी व प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव जी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रबंधिका व प्रधानाचार्या जी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## जल जीवन मिशन की योजनाओं का आईआईएम लखनऊ टीम ने किया व्यापक आकलन, गुणवत्ता सुधार पर जोर



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद सीतापुर में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ आईआईएम लखनऊ की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा व्यापक आकलन किया गया।आईआईएम लखनऊ की टीम द्वारा विकास खंड महमूदाबाद के ग्राम पंचायत कुंशरा में दिनांक-07.01.2026, विकास खंड बिसवां के ग्राम पंचायत सुखनवां कला में दिनांक-08.01.2026, विकास खंड खैराबाद के ग्राम पंचायत कनवा खेड़ा में दिनांक-11.01.2026, विकास खंड परसेंडी के ग्राम पंचायत मीर नगर में दिनांक-12.01.2026, विकास खंड पिसावां के ग्राम पंचायत जिगिनिया में दिनांक-13.01.2026 तक स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम ने जलापूर्ति की नियमितता, पानी की गुणवत्ता, पाइपलाइन नेटवर्क, ओवरहेड टैंक, पंपिंग स्टेशन तथा संचालन एवं रखरखाव व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया। साथ ही ग्रामवासियों से संवाद कर यह भी जाना कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से उनके जीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि घर-घर नल कनेक्शन मिलने से समय की बचत, स्वास्थ्य में सुधार तथा महिलाओं को विशेष राहत प्राप्त हुई है।संबंधित विभाग, कार्यदायी संस्था एवं डीपीएमयू द्वारा टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे योजनाओं की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## संतान प्राप्ति का झांसा देकर महिला से ठगे लाखों रूपए व जेवरात, आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता**। थाना अल्हागंज पुलिस ने तंत्र-मंत्र से संतान प्राप्ति का झांसा देकर एक महिला से लाखों रुपये और सोने-चांदी के जेवरात की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने महिला से ठगी किए गए दो लाख रूपए और सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए हैं। बीते रविवार को थाना अल्हागंज क्षेत्र के मोहल्ला बगिया की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले करन कुशवाहा ने तंत्र-मंत्र करके उसे अपने झांसे में फंसा लिया। इसके बाद उसने लाखों रुपये नकद व पूजा करने के नाम पर उसके सोने-चांदी के जेवरात की ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने करन कुशवाहा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने आरोपी करन कुशवाहा को जलालाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने महिला से ठगे गए 02 लाख रूपये, एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी टाप्स, एक माथे का बैंदा, दो जोड़ी पायल आदि बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त करन कुशवाहा थाना निगोही क्षेत्र के गांव गनपतपुर का रहने वाला है और हाल में वो थाना कांट क्षेत्र के गांव मरेना में रहकर भोले-भाले लोगों को तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी का काम करता था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त करन पर इससे पहले भी थाना कटरा और थाना तिलहर में धोखाधड़ी आदि के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अल्हागंज थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के साथ उपनिरीक्षक अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## जाँच टीम ने खंगाले प्रपत्र प्रधान ने दिखाई असमंजसता

**सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता**। क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत के प्रधान व तकनीकी सहायक के मध्य रिश्वतखोरी व धन उगाही के विषय को लेकर तू -तू,मैं -मैं के मध्य वायरल हुए साक्ष्यों के आधार पर उच्चाधिकारियों ने बड़ी कार्यवाई करते हुए आरोपित तकनीकी सहायक को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया और पूरे प्रकरण की जाँच को लेकर एक टीम गठित कर दी। इसी परिपेक्ष्य में आज ब्लॉक मुख्यालय पहुंची जाँच टीम ने प्रपत्रों की जाँच करते हुए कई साक्ष्य इकट्ठे किए पर इसी बीच एक तस्वीर सामने आई जिसने प्रशासन की मंशा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। वायरल तस्वीरों में आरोप लगाने वाले प्रधान व आरोपित टी ए के बीच मध्यस्थता कराने वाले की तस्वीरों ने परदे को बेपर्दा करने का काम किया है इसी बीच जब प्रधान पतरासा से वार्ता की गई तो बताया गया हम पर सुलह करने का बड़ा दबाव बनाया जा रहा है हमारी शर्त के अनुसार 800+मजदूरों की एम बी न करने वाले व प्रति एम बी में बड़ी रकम वसूलते हुए कैटल शेड निर्माण से लेकर इंटरलाकिंग भुगतान अटकाने वाले पर कार्यवाई नहीं हो जाती है हम मानने वाले नहीं हैं लेकिन कई लोगों के द्वारा हमपर सुलह कर मामला रफा -दफा करने का दबाव बनाया जा रहा है। अब बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि जाँच टीम के समक्ष आरोप लगाने वाले व आरोपित के मध्य मध्यस्थता कर मामला रफा दफा कराने वाले कौन हैं? क्या यूँ ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी सकरन और मलाई काटते रहेंगे जिम्मेदार।

# पलिया पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पलिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने अवैध असलहा लेकर घूम रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अवैध हथियारों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन तथा थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।दिनांक 24 फरवरी 2026 को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अवैध तमंचा लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त बिलाल उर्फ सैम पुत्र पप्पू निवासी पठान-2, थाना पलिया जनपद खीरी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर तथा 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। बरामद असलहे के संबंध में अभियुक्त कोई वैध लाइसेंस अथवा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना पलिया पर मु0अ0सं0 49/26 अंतर्गत धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 रामजीत यादव, हे0का0 जितेन्द्र सिंह, कां0 अमन कुमार राय तथा कां0 अतुल त्रिपाठी शामिल रहे।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की परखी हकीकत, दिए निर्देश

❒ लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण व कार्मिकों के देयकों के भुगतान के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, अपर आयुक्त (न्यायिक) देव दीप्ति एवं एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे।संयुक्त कार्यालय में निरीक्षण की शुरुआत करते हुए मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के अभिलेखों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि सेवानिवृत्ति से संबंधित सभी देयकों का भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। न्याय सहायक के पटल पर गैंगस्टर एवं मजिस्ट्रियल जांच पंजिका की समीक्षा कर लंबित रिपोर्टों की स्थिति जानी गई। साथ ही ग्राम चौकीदारों के रिक्त पदों की जानकारी ली गई।वर्ष 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों के घ्टइग नंबर अलॉटमेंट की प्रगति की समीक्षा करते हुए कोषाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित प्राप्त आवेदनों, सेवा पुस्तिकाओं एवं ऑडिट आपत्तियों की अद्यतन स्थिति का भी परीक्षण किया गया।अपर उपजिलाधिकारी न्यायालय से निर्गत आदेशों के दाखिले रजिस्टर का अवलोकन करते हुए समय से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अभिलेखागार माल एवं न्याय अनुभाग में नकल प्रक्रिया तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्मिकों से अग्निशमन यंत्रों के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी भी ली गई।डीएलआरसी पटल पर एंटी भूमाफिया रजिस्टर एवं भूमि विनिमय प्रकरणों की जांच करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत प्राप्त स्वीकृत एवं अस्वीकृत दावों की प्रगति जानी गई। निस्तारित पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। संग्रह अनुभाग में आरसी रजिस्टर का निरीक्षण कर तहसीलदारों को प्रत्येक 15 दिन में इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। भूलेख अनुभाग में संदर्भ रजिस्टर एवं शस्त्र अनुभाग में थानों से मिलान की स्थिति की जांच करते हुए वरासत से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शस्त्र दुकानों के सत्यापन रजिस्टर के अवलोकन के दौरान अंतिम सत्यापन दीपावली के समय का पाए जाने पर नियमित सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया।

# सतरंगी माहौल में मनाया जाएगा होलिकोत्सव, फरूवाही नृत्य व कवि सम्मेलन रहेंगे आकर्षण का केंद्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। सतरंगी माहौल में होलिकोत्सव मनाने के लिए बहराइच होली समिति ने कमर कस ली है। गीत-संगीत, लोकनृत्य और कवि सम्मेलन के बीच होलिकोत्सव को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराने को लेकर तैयारी बैठक समिति अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी के दाऊ जी के चौक स्थित प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई।बैठक में तय किया गया कि 01 मार्च से रंग खेलना प्रारंभ होकर 04 मार्च दोपहर तक चलेगा।

मंगलवार 03 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण इस बार मुख्य होली पर्व 04 मार्च को मनाया जाएगा।उसी दिन शाम 5 बजे से घंटाघर प्रांगण में होली मिलन, रंगारंग कार्यक्रम एवं उपाधि वितरण समारोह आयोजित होगा।इसके अतिरिक्त 05 मार्च को प्रातः 11 बजे त्रिमुहानी घाट स्थित हनुमान मंदिर में होली मिलन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है। वहीं रात्रि 8:30 बजे से नामचीन कवियों द्वारा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### होली के दिन फरूवाही नृत्य रहेगा आकर्षण का केंद्र

समिति के महामंत्री सुमित खन्ना ने बताया कि 04 मार्च को मुख्य पर्व के अवसर पर लोक कलाकार गोलू पासवान एवं उनकी टीम द्वारा फरूवाही लोकनृत्य का आयोजन घंटाघर पर रंग खेलने के समय किया जाएगा।उन्होंने बताया कि फरूवाही नृत्य पूर्वांचल का प्रमुख लोकनृत्य है, जिसे मुख्य रूप से पुरुष कलाकार धोती, बनियान और गमछा पहनकर प्रस्तुत करते हैं। इसमें टिमकी (तासा), नगाड़ा और झाल जैसे वाद्य यंत्रों का प्रयोग होता है। वीरगाथा काल से यह नृत्य सैनिकों के मनोरंजन और उत्साहवर्धन का माध्यम रहा है।

### 05 मार्च को होगा नामचीन कवियों का कवि सम्मेलन

समिति के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि होली के दूसरे दिन 05 मार्च को रात्रि 8:30 बजे घंटाघर प्रांगण में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन में मेरठ से डॉ. प्रतीक गुप्ता ,कोटा (राजस्थान) से भूपेंद्र राठौर, रीवा (मध्यप्रदेश) से अमित शुक्ला, महेश्वर (मध्यप्रदेश) से नरेंद्र अटल ,बाराबंकी से प्रदीप महाजन,दिल्ली से सुनहरी लाल, लखनऊ से हेमा पांडेय, सहित अन्य प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे।

### बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर डीजे साउंड उपयोग की अपील

जनपद में होलिकोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी बीच बोर्ड परीक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं। बहराइच होली समिति ने जनपदवासियों से अपील की है कि चौक-चौराहों पर डीजे साउंड का उपयोग निर्धारित समयानुसार करें, जिससे बोर्ड परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।समिति ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और मर्यादित ढंग से होली मनाने का आग्रह किया है, ताकि रंगों का यह पर्व प्रेम, भाईचारे और आनंद का संदेश दे सके।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अमेठी की दो छात्राएं हुई चयनित

अमेठी। अयोध्या में आयोजित मण्डल स्तरीय बाल उत्सव में जनपद अमेठी की दो छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुये राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बना ली है विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अयोध्या मण्डल की दस सदस्यीय टीम में जनपद की दो छात्राओं का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी फरवरी व एक मार्च को लखनऊ में आयोजित की जायेगी।सोमवार को मण्डलीय प्रतियोगिता के दौरान जिले से प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने रचनात्मक आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया मंच पर प्रस्तुति देते समय बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलक रही थी जिसे निर्णय को प्रभावित किया बच्चों ने मीना मंच के माध्यम से अपने जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तनों की प्रेरक कहानियां साझा की बताया कि मीना मंच ने उन्हें आत्मविश्वास से भरने नेतृत्व कौशल विकसित करने और सामाजिक मुददो के प्रति जागरूक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जिला समन्वयक बालिका शिक्षा श्याम सुन्दर श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित प्रतिभागियों में वन्दना कक्षा आठ उच्च प्राथमिक विद्यालय मझगवां मुसाफिरखाना व जिकरा फातिमा कक्षा आठ कंपोजिट विद्यालय पालपुर जगदीशपुर की छात्राओं का राज्य स्तर के लिये चयन किया गया है।

# नीमगांव थाना परिसर में होली को लेकर पीस कमेटी बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद के नीमगांव थाना परिसर में आगामी होली पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यादुवेंद्र सिंह (क्षेत्राधिकारी मितौली) ने की। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के प्रधान, मुस्लिम धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि और स्थानीय संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।बैठक में सीओ यादुवेंद्र सिंह ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, जिसे सभी समुदायों के सहयोग और समझदारी से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाना चाहिए। प्रशासन की प्राथमिकता है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से बनी रहे और किसी भी तरह की अफवाह या विवाद को समय रहते रोका जा सके।उन्होंने ग्राम प्रधानों और उपस्थित लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में होने वाले होलिका दहन के स्थान पहले से ही चिन्हित कर लिए जाएं, ताकि किसी प्रकार का विवाद या भ्रम की स्थिति न बने। साथ ही पुलिस टीम भी समय-समय पर गांवों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लेगी और आवश्यकता पड़ने पर मौके पर ही व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।बैठक में थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है या अफवाह फैलाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।इस अवसर पर उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव सहित पुलिसकर्मी, ग्राम पंचायतों के प्रधान, धर्मगुरु और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का भरोसा दिलाया।बैठक के अंत में प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने तथा त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने पर सहमति बनी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। ? बैठक के अन्तर्गत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर संदीप चड़ढा द्वारा पूर्व बैठक में रखे गये प्रकरण पर क्या कार्यवाही हुई उसके विषय में अवगत कराया।

बैठक में सैनिक बंधुओ के द्वारा अपनी-अपनी समस्या उठाई गई उसके विषय में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के अन्तर्गत आर्म्स लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पट्टे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन, भूमि से संबंधित मामले आदि पर चर्चा की गयी। पीएम श्री विद्यालयों में गार्ड तैनाती को लेकर चर्चा की गई अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति सैनिकों से के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के विषय में जानकारी दी और उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिकों से कहा कि सरकार की योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर प्रचार प्रसार करें ताकि लोग सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकें और लाभ उठा सकें। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने सेवानिवृत्त सैनिकों से कहा कि राजस्व विभाग एवं विकास विभाग एवं अन्य किसी विभाग से समस्या है तो उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। एनडीआरएफ टीम से सहायक उप निरीक्षक सत्यवान शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम के द्वारा भूकंप एवं प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए रिहर्सल किया। इसके उपरांत सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय गान गाया किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संदीप चड्ढा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद यादव, गौरव यादव, रविन्द्र कुमार, राजकुमार शर्मा, रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रोडवेज के रंग में चल रहीं दो बसें सीज

बदायूं। रोडवेज के रंग में ही संचालित बसों को एआरटीओ ने पकड़ लिया। दोनों बसों को सीज कर दिया गया। इसी के साथ अन्य छह माल वाहनों को ओवरलोड संचालित मिलने पर सीज करने की कार्रवाई की गई। जिले के कस्बा म्याऊं से दिल्ली के लिए दो निजी बसें संचालित होती मिली थीं। इस खबर को 13 फरवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसी को लेकर परिवहन निगम के एआरएम राजेश पाठक व एआरटीओ हरिओम कुमार ने संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसमें दो परिवहन निगम के रंग में संचालित बसों को सीज किया गया। साथ ही तीन अनधिकृत रूप से संचालित बसों के चालान किए गए, छह अन्य माल वाहक ओवरलोड वाहनों को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में सीज किया गया। इनसे लगभग एक लाख 80 हजार समन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया। उन्होंने अपील की है कि जिले के लोग अपने वाहनों के समस्त पत्र जैसे बीमा, फिटनेस, प्रदूषण इत्यादि पूर्ण रखें, मोटर वाहन हमारी सुविधा के लिए बनाया गया है, इसका सदुपयोग करें, यातायात के नियमों का पालन करें, वाहन का प्रयोग इस प्रकार करें कि मार्ग पर चलते समय जन सामान्य को कोई भी असुविधा न हो।

# होली पर जनपद बदायूं में कड़े सुरक्षा प्रबंध, ड्रोन से होगी निगरानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। होली पर्व (02 एवं 04 मार्च 2026) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जनपद बदायूं में व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित अधि कारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया है कि नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट संवेदन शील स्थलों पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करें। नामित मजिस्ट्रेटों को होली से पूर्व मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने तथा पर्व को परंपरागत तरीके से ही मनाए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों, हुड़दंग करने वालों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फ़ेसबुक, ट्विटर आदि) पर आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाहों पर सतत नजर रखी जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 प्रभावी रहेगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा, जबकि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक के लिए आबकारी विभाग सघन चेकिंग अभियान चलाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घंटे आपात सेवाओं हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। विद्युत, पेयजल, सफाई, परिवहन एवं अग्निशमन विभागों को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या-221 में आईसीसीसी कंट्रोल रूम स्थापित रहेगा। इसके दूरभाष नंबर 05832-266052, 05832-266050, 05832-266049 तथा मोबाइल नंबर7503389289 पर संपर्क किया जा सकता है।शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद में मजिस्ट्रेटों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा दल प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य एवं पेय पदार्थ में मिलावट पर प्रभावी कार्रवाई हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में आज 24 फरवरी 2026 को ग्राम मोहम्मदपुर मालिनी थाना हजरतनगर गढ़ी स्थित आसिम पुत्र नोशे ख़ान व इलियास पुत्र नन्हे ख़ान तथा ग्राम मंगनपुर स्थित शान ए आलम की रसगुल्ला निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य पदार्थ सफ़ेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छकर एवं अस्वस्थकर दशाओं में पाए जाने के कारण 225 किलोग्राम सफ़ेद रसगुल्ला नष्ट कराया गया। साथ ही 3 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी.विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश

**बदायूँ ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट किया है कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा संचालित आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का जिला स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी- कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि जनता दर्शन में प्राप्त सभी शिकायतों को उसी दिन आईजी आरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि शिकायतकर्ता को निर्धारित समयावधि में संतोषजनक एवं तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराई जाए। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण या जांच की आवश्यकता होगी, उनमें नियमानुसार जांच कराकर निस्तारण किया जाएगा।प्रत्येक विभाग को यह भी निर्देशित किया गया है कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के लिए निर्धारित प्रारूप पर पंजीका संधारित की जाए, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, आवेदन प्राप्ति तिथि, संबंधित अधिकारी का नाम तथा निस्तारण का विवरण दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी विभाग की कार्यशैली के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अलापुर क्षेत्र में धर्म कंटे के पास मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर निवासी राहुल और रामू शादी के कार्ड बांटने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे आलापुर स्थित धर्म कंटे के पास पहुंचे, आगे चल रहे ई-रिक्शा चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया। अचानक मोड़ने से पीछे आ रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि रामू को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने का आरोप

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत उसावां क्षेत्र में एक महिला ने पट्टा दिलाने का झांसा देकर जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता मुन्नी के अनुसार आरोपी उसे दातागंज तहसील ले गया और अंगूठा लगवाकर उसकी निजी जमीन अपने नाम करा ली। आरोप है कि 17 हजार रुपये भी ठगे गए। जमीन की कीमत दस्तावेज में करीब 3 लाख रुपये दर्शाई गई है, जबकि बाजार मूल्य अधिक बताया जा रहा है। पीड़िता ने थाना उसावां में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मांगें मानी गईं, किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनीतिक द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। संगठन की विभिन्न मांगों को अधीक्षण अभियंता ने स्वीकार कर लिया, जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। अधीक्षण अभियंता ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में संगठन एवं आम जनता के सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में किसी प्रकार की त्रुटि हुई है तो आगे ऐसी स्थिति नहीं बनने दी जाएगी और किसानों का सम्मान पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद 24 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे धरना औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया। धरना समाप्ति के दौरान खान बहादुर, राजपाल सिंह, राजीव सिंह, सूरजपाल सिंह, हरीश पटेल, पूनम गुप्ता, वसीम गद्दी, केपीएस राठौर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं का सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि 2019 से उनका पारिश्रमिक बकाया है और इसे तुरंत भुगतान किया जाना चाहिए। आशा कार्यकर्ताओं की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी। उनकी प्रमुख मांगों में आशा कार्यकर्ताओं को कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत करना, न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश और राष्ट्रीय व त्योहारी छुट्टियां शामिल हैं। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मामले को संभालने का प्रयास किया।

### रंजिश में भाजपा नेता की कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश

**बदायँ, कैनविज टाइम्स संवाददातां।** उझानी में भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष ने जेसीबी चालक पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि चालक ने उनकी कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे कि उझानी क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष हरवीर सिंह राजपूत पर हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि उनकी कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की गई। वह सड़क किनारे कार खड़ी कर उसमें बैठे थे।शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला रविवार शाम का बताया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ानरसिंहपुर के मजरा रामसिंहनगला निवासी भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष हरवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि आंबेडकर चौराहे के पास उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी। वह कार में ही थे, उसी दौरान सामने से एक व्यक्ति ने उनकी कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की। जेसीबी के आरोपी चालक से उनकी रंजिश है। भाजपा नेता ने बताया कि अगर वह कार से निकलकर नहीं भागते तो कार समेत उन्हें जेसीबी से कुचल दिया जाता। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ भी लग गई। आरोपी चालक जेसीबी को भगा ले गया। इंस्पेक्टर क्राइम गुड्डू सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायत पर जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। एस.एम.कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) का (चतुर्थ) सप्त दिवसीय शिविर मौलागढ़ देवी मंदिर में (कौशल विकास हेतु) युवा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण दिवस पर ग्राम मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया।

> स्वयं सेविकाओं ने (महिला सशक्तिकरण) पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। स्वयंसेविका तलबिया ने (नारी का सम्मान सबसे बड़ा अभियान) पर भाषण दिया

स्वयं सेविकाओं ने (महिला सशक्तिकरण) पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। स्वयंसेविका तलबिया ने (नारी का सम्मान सबसे बड़ा अभियान) पर भाषण दिया । वंशिका ने( गर्व है मुझे मैं नारी हूं) पर एक कविता, पिंकी ने (नारी शक्ति )पर भाषण ,लता ने (दुनिया की शान है नारी) पर कविता, अंशिका उपाध्याय एवं आकांक्षा ने (उतारो मुझे जिस भी क्षेत्र में) पर कविता,खुशी गौतम ने (नारी है शक्ति नारी है अभिमान) पर कविता, मुक्ता सिंह ने( कुछ लोग कहते हैं औरत का कोई घर नहीं होता, लेकिन मेरा यकीन है कि औरत के बिना कोई घर,घर नहीं होता) पर भाषण, शोभा ने (अब नारी को सशक्त करो) पर भाषण, खुशी यादव ने (अंधियारों को चीर कर,वह सूरज बनकर निकली है)पर कविता, दिव्या ने नारी है शक्ति, नारी है मान) पर कविता,सलोनी ने (नारी अब कमजोर नहीं, वह शक्ति की पहचान है) पर कविता,लक्ष्मी मीणा ने (इस देश की शान है नारी) पर कविता,अंजू ने( नारी शक्ति की गाथा है) पर कविता, शिवानी दीक्षित ने नारी सशक्तिकरण पर भाषण, डॉली ने,प्रियांशी यादव ने एवं पायल गुप्ता ने भी नारी सशक्तिकरण पर भाषण दिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव मंदिर के पुजारी श्री गिरिराज किशोर गौड़, श्रीमती रेखा रानी गौड़ एवं गजेंद्र जी उपस्थित रहे।

# कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है स्काउटिंग: संजीव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ । उझानी उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बच्चों को आपदा प्रबंधन एवं जीवन कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

शिविर में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने, प्राथमिक उपचार देने तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की गांठें और बंधन बनाने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। बच्चों ने गगनचुंबी मीनारें बनाकर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक संतोष कुमार उपाध्याय ने स्काउट ध्वज फहराकर किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज सेवा की भावना विकसित होती है, जिससे वे देश के श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। स्काउट संस्था के पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की ऐसी कला है, जो कम संसाधनों में भी सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। उन्होंने बाढ़, भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक विजेंद्र सिंह और अजय पाल ने बच्चों को तंबू निर्माण, जंगल में झोपड़ी तैयार करने तथा सीमित संसाधनों में जीवन यापन की उपयोगिता समझाई। इस अवसर पर शिक्षिका रेखा रानी, दुर्गा रानी, मोहम्मद जावेद सिद्दीकी, मनीष कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# फार्म हाउस पर मिला चौकीदार का रक्तरंजित शव, हत्या का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस के चौकीदार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका रक्तरंजित शव मंगलवार सुबह फार्म हाउस में जमीन पर पड़ा मिला। हत्या है या हादसा... यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस जांच कर रही है। आपको बता दें कि बिल्सी थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह एक फार्म हाउस पर चौकीदार का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी उस समय हुई जब खेत मालिक दूध लेने फार्म हाउस पर पहुंचे। उन्होंने रक्तरंजित शव देखा तो दंग रह गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस के साथ सीओ सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर गहनता से छानबीन की। एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। जानकारी के मुताबिक बिल्सी निवासी नरेश माहेश्वरी का खेत कछला-शाहबाद हाईवे किनारे है। वहां पर उन्होंने फार्म हाउस बना रखा है। गाय भी पाल रखी है। फार्म हाउस पर चौकीदार के तौर पर मुजरिया निवासी सुरेंद्र सिंह (65) करीब 20 साल से काम करते आ रहे थे। वह फार्म हाउस की दूसरी मंजिल पर ही सोते थे।हत्या या फिर छत से गिरने की आशंका नरेश ने बताया कि वह मंगलवार को सुबह रोजाना की तरह दूध लेने फार्म हाउस पर गए थे। जब वह वहां पहुंचे तो मंजर देख उनके होश उड़ गए। चौकीदार का शव फार्म हाउस के बाहर जमीन पर पड़ा था। यह देख उन्होंने घर पर परिजनों को सूचना के साथ ही पुलिस को भी घटना से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस हत्या या फिर छत से गिरने से मौत होने की आशंका जता रही है। इकलौते बेटे की दल साल पहले हो चुकी है मौत मुजरिया थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी रामनिवास ने बताया कि उनके ताऊ सुरेंद्र सिंह का एक बेटा संतोष था, जिसकी दस साल पहले मौत हो गई। उनकी दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो गई है। अकेले होने के कारण वह चौकीदारी की नौकरी कर अपना जीवन गुजार रहे थे। एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने बताया कि संदिग्ध हालात में चौकीदार का शव मिला है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# मिश्रिख में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा कंप्यूटर लैब व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मिश्रिख, सीतापुर। एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को मिश्रिख में कंप्यूटर प्रशिक्षण लैब एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह तथा महर्षि दधीचि रामलीला न्यास के न्यासी रामबक्श सिंह ने दीप प्रज्वलित कर, नारियल फोड़कर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोनल कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार ने एकल अभियान एवं ग्रामोत्थान फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वरोजगार और संस्कार आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्य कर रही है।संचालन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. सागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाना, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के चिंतन को साकार करना, भीमराव रामजी आंबेडकर की कल्पनाओं का सम्मान सुनिश्चित करना तथा केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों के अनुरूप वैभवशाली राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।कार्यक्रम में समिति के सदस्य राजीव ओझा, विपिन बैश्य, नागेंद्र सिंह, अभय चौरसिया, नीरज वर्मा, आलोक सिंह, हरेराम, जोनल सुपरवाइजर अनुग्रह सिंह, अशोक, सुनीता, रामेंद्र, रामनिवास, दुर्गेश, महेंद्र, मुकेश, हर्ष एवं सुधीर सहित लगभग 150 छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।समारोह में वर्चुअल माध्यम से श्री कुमार भास्कर शर्मा, आशीष जी, राहुल जी, स्नेहा जी, दिल्ली टीम तथा अमेरिका से श्री भारत जी भी जुड़े। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन जीआरसी इंचार्ज सुधीर चौधरी द्वारा किया गया। समारोह के अंत में अतिथियों ने प्रशिक्षण केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार मुहैया हुआ है।

# 60 साल बाद बनी बशीर खां की सड़क का हुआ लोकार्पण

- ❐ मोहल्ले वालों ने फूलों की बारिश करके किया भव्य स्वागत 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान जारी
- ❐ पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर किया शिलापट का अनावरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को तेजी देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ब्र28 दिन, 28 लोकार्पणङ्क अभियान के अंतर्गत वार्ड नम्बर 17 के मोहल्ला बशीर खां में मदीना शाह चौराहे से इनायतगंज स्कूल तक 60 वर्ष बाद बनी सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया।

यहां के बुजुर्गों ने बताया कि यह सड़क लगभग 60 वर्ष पूर्व बनी थी और लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। नई सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका शहर में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ब्र28 दिन, 28 लोकार्पणङ्क अभियान के माध्यम से विभिन्न वार्डों में लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष को माल्यार्पण कर तथा छतों से फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभासद जाहिदा बी, साकेत सक्सेना, राजू फौजी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, निर्मल सिंह टीटू, विकास बाबू, राशिद हुसैन, रईस अहमद, पूर्व सभासद नईम अंसारी, इमरान अंसारी, मोहन स्वरूप, रामनरेश वर्मा, हाजी मोहम्मद मियां, हाजी यामीन, दिलशाद मुन्ना, मुशर्रफ अली, कामिल अंसारी, भाजपा नगर अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मकान विवाद को लेकर गर्भवती महिला से मारपीट, 30 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। तहसील के घुंघचाई थाना थाने के अंतर्गत आने वाले अभयपुर माधौपुर गांव में मकान विवाद को लेकर गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नामजद और अज्ञात समेत कुल 30 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है कमलजीत कौर ने अभयपुर माधौपुर गांव में एक मकान खरीदा था आरोप है कि इसी खरीद-फरोख्त को लेकर गांव के कुछ लोगों से उनकी रंजिश हो गई थी पीड़िता के मुताबिक, आरोपी सुखजीत सिंह उर्फ मोनी, गुरमेज सिंह, प्रेम सिंह, गुरुवंत सिंह, सुखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, कर्मजीत कौर, निंदर सिंह और जसप्रीत कौर (पत्नी प्रेम सिंह) अपने लगभग 20 अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे उन्होंने गाली-गलौज की और विरोध करने पर पीड़िता के पति और देवर के साथ मारपीट की कमलजीत कौर जब बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो उन्हें भी निशाना बनाया गया उन्होंने पुलिस को बताया कि वह दो माह की गर्भवती हैं आरोप है कि सुरजीत सिंह और गुरमेज सिंह ने उनके पेट में लात मारी, जिससे उन्हें मौके पर ही रक्तस्राव होने लगा और हालत गंभीर हो गई।

# राष्ट्रीय हनुमान दल की शपथ ग्रहण एवं प्रबुद्ध जन गोष्ठी सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के भारत मुकुट बैंक्विट हॉल में राष्ट्रीय हनुमान दल की शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन माँ भारती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न हुआ आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचारक अमित कुमार एवं विशिष्ट अतिथि आभान अखाड़ा के विमलेश दास एवं सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल रहे मातृशक्ति से डॉ. अनुरीता सक्सेना व राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वैभव उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने माँ भारती के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय हनुमान दल के अमित गुप्ता ने सभी को स्वागत उद्बोधन देकर सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया संरक्षक जगदीश सक्सेना ने समरसता, सौहार्द्र पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सारे हिंदू आपस में भाई है संरक्षक मंडल के स्वतंत्र देवल ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता पर जागरूकता दिखाई मुख्य वक्ता प्रचारक अमित कुमार ने संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्ष की यात्रा और अखंड भारत की परिकल्पना पर प्रकाश डाला चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल ने कहा कि हिंदू राष्ट्र कोई कहने की नहीं, बल्कि महसूस करने की दरकार है संरक्षक मंडल के अमनदीप जोली ने गुरु गोविंद सिंह जी और उनके साहबजादों की शहादत का स्मरण कर अखंड भारत की भावना को जागृत किया पदाधिकारियों का मनोनयन प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना एवं वैभव द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए जिला महामंत्री पंडित संतोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया जिला उपाध्यक्ष राहुल गजवानी ,हितेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष शिरीष सक्सेना जिला कोषाध्यक्ष बिलसंडा, गजरौला, अमरिया, जहानाबाद, न्यूरिया आदि क्षेत्रों की कार्यकारिणी गठित की गई नगर स्तर पर संजीव कुमार नगर अध्यक्ष,राकेश मौर्य जिला संयोजक आदित्य ओझा जिला सह संयोजक आदित्य रत्नाकर सह संयोजक बनाया गया कार्यक्रम का समापन राष्ट्र एवं समाज की एकता, अखंडता और सेवा भाव के संकल्प के साथ हुआ तथा भारत माता की आरती के साथ हुआ कार्यक्रम में का सफल संचालन रामानुज अवस्थी जिला प्रवक्ता ने किया तथा कार्यक्रम में हरि पाल यादव राजकुमार गजवानी सुमित मिश्राअमनदीप जोली मौजूद रहे।

# ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के लिए आरएसईटीआई ने चलाया जागरूकता पखवाड़ा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। संस्थान आरएसईटीआई द्वारा जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्राम बकैनिया ब्लॉक बरखेड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और उन्हें संस्थान की आगामी योजनाओ से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सीनियर फैकल्टी ने वर्ष 2026-27 के लिए आरसेटी की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की है। उन्होंने आगामी सत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमो और कौशल विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। 2026-27 के कैलेंडर मे बाजार की मांग को देखते हुए कई नए तकनीकी और कृषि आधारित व्यवसायों को जोड़ा गया है।इस जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को बैंक ऋण और सरकारी सब्सिडी योजनाओ की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित होने वाले सभी कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क होंगे जिसमें खाने और नाश्ते की व्यवस्था भी शामिल है।

# ई-रिक्शा, दो व चार चक्का वाहनों की प्रतिदिन नगरीय क्षेत्र में होगी गहन जांच: टीएसआई

- ❐ ड्रिक एण्ड ड्राइव नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े गए तो होगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश के क्रम व अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक यातायात राम निरंजन द्वारा रोडवेज़ स्थित लगाई गई दो व चार चक्का वाहनों की जांच, भागते नज़र आए वाहन चालक, लाइसेंसर, हेल्मेट, काली फिल्म,वाहन के कागज़ात की कर रहे पड़ताल, जांच में आधे-अधूरे कागज़ात वालों का काटा जा रहा चालान, साथ ही भविष्य में यात्रा पर निकलने से पहले संपूर्ण कागज़ात व यातायात नियमों के पालन की दिलाई जा रही शपथ, यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने बताया की नियम विरूद्ध चलने वाले वाहन चालकों को किसी भी दशा में बख्शा नही जाएगा, यातायात निरीक्षक ने बताया की मांडीफाई साइलेंसर व हूटर पर विशेष कार्यवाही की जाएगी,सब्जीमंडी मार्ग पर सुगम यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ठेले खोमचे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राम निरंजन ने बताया की नगरीय क्षेत्र व बाईपास/हाइ-वे तथा होटल/ढाबे पर खड़े होने वाले वाहन आवागमन को बाधित न करें,यातायात नियमों का पालन करें,पुलिस का सहयोग करें, पुलिस आपकी सुरक्षा में खड़ी है।

# अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध आबकारी विभाग का चला हंटर

- ❐ 45 लीटर शराब 850 किलो लहन की गई नष्ट, 3 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अनुपालन में जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार, जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर , क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में रण विजय सिंह आबकारी निरीक्षक के द्वारा सोमवार को मय स्टाफ साकेत राय प्र.आ.सि,अंकित शर्मा आ.सि,राजीव शुक्ला आ.सि.ओमवीर आ सि,इरफान आ सि व कोतवाली नगर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चुनहा व ग्राम तिवारी का पुरवा में दबिश दी गई। मौके पर 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। तथा लहन करीब 850 किलो बरामद की गई जिसे मौके पर नष्ट किया गया।क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया । दुकान पर संचित स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा गुप्त रूप से दुकानों पर टेस्ट परचेज कराया गया । आर ओ प्लांट व कबाड़ियों की दुकान तथा ईंट के भट्ठों की गहनता से चेकिंग की गई । ग्राम वासियों को अवैध शराब से होने वाली हानियो के बारे में जागरूक किया गया।आबकारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने छापेमारी के दौरान मौजूद ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहाकि यदि आपकी जानकारी में आपके आसपास अवैध शराब निर्मित की जा रही है, या बिक्री हो रही है तो सूचित करें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी, उन्होनें कहाकि अवैध अड्डी से निर्मित शराब के सेवन से शरीर पर दुष्भाव पड़ते हैं, साथ ही यह जान लेवा भी हो सकती है।

# चोरी की तीन भैंसों के साथ दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना फुरसतगंज पुलिस ने गांव पूरे शीतल मजरे खालिसपुर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चोरी की तीन भैंसें एक तमंचा एक जिंदा कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिगं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु वाहन के दौरान थाना फुरसतगंज पर दो दिन पूर्व दर्ज किये गये मुकदमे से संबंधित प्रकाश में आये आदर्श यादव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे पुरई मजरे दोहरी थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली उम्र उन्नीस वर्ष व अमरेश कुमार सिंह पुत्र प्यारे मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट लोधवारी थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र बाइस वर्ष को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की तीन भैंसों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में आदर्श यादव के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि बीती बाइस फरवरी को ग्राम पूरे शीतल मजरे खालिसपुर से दोनों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ बरामद तीन भैंसों को ग्राम खालिसपुर से चोरी कर पिकअप संख्या यूपी 33 डीटी 3751 पर लादकर बेंचने जा रहे थे रास्ते में पिकअप का टायर पंचर हो जाने तथा स्टेपनी न होने के कारण भैंसों को तथा उनके साथ उन दोनों अभियुक्तों को उतार कर टायर का पंचर बनवाने के लिये चले गये थे तथा देर होने के कारण वापस नही आ पाये। गांव वालों एवं पुलिस से बचने के लिये भैंसों को उस खण्डर में लाकर रखे थे तथा अपने साथियों का इंतजार कर रहे थे। थाना फुरसतगंज पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धाराओं के साथ ही आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है और दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# आत्मा योजना के तहत सैंतालिस किसान राज्य से बाहर प्रशिक्षण के लिये रवाना

- ❐ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर किया प्रस्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नोलाजी आत्मा योजना के अंतर्गत जनपद अमेठी के सैंतालीस प्रगतिशील किसानों को राज्य से बाहर प्रशिक्षण हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, मेला ग्राउंड पूसा, नई दिल्ली भेजा गया। किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रशिक्षण हेतु जा रहे किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना करने से पूर्व जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं से संवाद स्थापित करते हुये कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों एवं नवीन शोध आधारित विधियों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने किसानों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू कर अन्य किसानों को भी जागरूक करें, जिससे जनपद में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं मूल्य संवर्धन जैसी गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें तथा नवाचार को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत बीज उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि से संबंधित नवीन शोध एवं तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को विभिन्न कृषि प्रदर्शनों एवं मॉडल परियोजनाओं का अवलोकन भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

मोतिगरपुर, सुल्तानपुर। शाहपुर लपटा स्थित खेल मैदान में मेरा युवा भारत सुल्तानपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स,कबड्डी वॉलीवाल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महिला एंव पुरुष वर्ग के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मैडल, शील्ड व स्पोर्ट्स किट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में बालक की 800 मीटर दौड़ में अहिरौली के अमन चौबे प्रथम, लामा बनकठा के प्रदीप कुमार द्वितीय व लामा के ही अनुराग यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिकाओं के कबड्डी टीम में एस.एन.पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम व द्वितीय शाहपुर लपटा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में रीता कुमारी प्रथम, अनामिका द्वितीय व आकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में अविनाश प्रथम, चन्द्रशेखर द्वितीय व अंकित ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## अन्नदाता किसान यूनियन ने सड़क चौड़ीकरण की माँग को लेकर सड़क मंत्री को लिखा पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री बलजिंदर सिंह ने सड़क एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर को पत्र लिख सड़क चौड़ीकरण की माँग की पत्र मे कहा कि पूरनपुर से धनाराघाट से मुझा खुर्द रोड जोकि गुलड़हा, नौगमा, अर्जुनपुर, तुलसीपुर, कीरतपुर होते हुये जंगल की सीमा तक पक्का मार्ग बना हुआ है एवं जंगल में कच्चा रास्ता है व जंगल को पार करते ही पक्का मार्ग चूका से राजपुर सिमरा, मझरा, धुरिया पलिया, सेल्हा, रमनगरा, गभिया से होते हुये खटीमा (उत्तराखण्ड) को पहुंचता है इस मार्ग से सैकड़ों गांव जुडते है इस मार्ग पर गन्ने के भरे ट्रक, चीनी मिलों में पहुंचते है एवं धान एवं गेहूँ इसी मार्ग का उपयोग कर मण्डियों में पहुंचाया जाता है एवं इन सभी गांवो के विद्यार्थी एवं स्कूल बसे इसी मार्ग से निकलते है इस मार्ग से दर्जनों गांव में जाने हेतु पक्के रोड बने हुये है इस मुख्य मार्ग पर आवागमन अत्यधिक है विद्यार्थियों, स्कूल बसों एवं मरीजों को पहुंचने में अत्यधिक विलम्ब होता है धनाराघाट रोड से निकला मुझा खुर्द रोड से होते हुये रमनगरा मार्ग का चौड़ीकरण कराकर 24 फिट हाइवे का पक्का डामर कुलतार रोड पुनः बनाये जाने की माँग की।

## पूरनपुर चीनी मिल ने जारी किया बंदी का नोटिस

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेशनल हाईवे पर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल से सम्बंधित गन्ना किसानों को कैलेंडर की समस्त पर्चियां जारी कर दी गयी है। किसानो से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि वह 25 फरवरी 2026 तक चीनी मिल मे अपना गन्ना आपूर्ति कर दे जिन किसानों के पास गन्ना पर्ची समाप्त हो गयी है वह मिल गेट पर पर्ची प्राप्त कर सकते है किसी भी असुविधा के लिये किसान अमित चतुर्वेदी मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर चीनी मिल एवं संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर से संपर्क करें चीनी मिल द्वारा 19 नवंबर 2025 को पेराई सत्र का आरम्भ किया गया था अब तक चीनी मिल द्वारा 18.33 लाख कुं. गन्ना पेराई की जा चुकी है सभी क्रय केन्द्रो पर गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है चीनी मिल के गेट सहित 14 गन्ना क्रय केंद्र है सभी क्रय केन्द्रो पर किसानों को मुख्य कैलेंडर, अतिरिक्त कैलेंडर के साथ साथ खुली खरीद की भी पर्ची जारी कर दी गयी है सभी किसानों से अनुरोध है कि वह 25 फरवरी 2026 तक मिल गेट पर अपना गन्ना आपूर्ति कर दें।

## प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य




**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन बीआरसी पर हुआ था।जिसके तहत उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आहवन पर प्रस्तावित कार्यक्रम दिनांक 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा प्रदेश स्तर के निर्देश पर मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर के शिक्षक सूर्य प्रकाश गंगवार अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने विद्यालय स्टाफ के साथ मिल कर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया है।

## व्यापारी नेताओ ने व्यापारियों से जुड़ी प्रमुख समस्या को लेकर एएसपी को सौंपा पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल शेरपुर के अध्यक्ष सलमान खान ने एडिशनल एसपी विक्रम दहिया को पत्र सौंप कर माँग की है।उन्होंने पत्र में कहा कि आये दिन कोई न कोई साइबर ठगो का शिकार हो रहा है। जिससे व्यापारी काफी भयभीत है।मोबाइल हैक कर व्हाट्सएप्प ग्रुपों पर लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर बैंक अकाउंट हैक कर खाली कर दिया जाता और मोबाइल के पर्सनल डाटा भी हैक कर लिया जा रहा है साइबर ठगी को व्यापारियों को जागरूक हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए व व्यापारियों और जनता की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिये जाए और पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने और पूरी तत्परता से करने के निर्देश दिये जाए छात्र छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टि से स्कूलों की छुट्टी के समय पुलिस गश्त कराई जाए जिससे शरारती तत्वों मे कानून के प्रति भय पैदा हो और तेज गति से दौड़ रहे वाहनों पर लगाम लगाये जाए।

## जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी करने की पति ने की मांग

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी पूजा पाण्डेय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी की सुबह वह घर में काम कर रही थी आरोप है कि नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी विनेश पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय और उसका पिता अशोक पाण्डेय उसके घर में घुस आए दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गई शोर सुनकर बाहर खेल रहा उसका बेटा लवीश मौके पर पहुंचा और फोन से अपने पिता कपिल पांडेय को सूचना दी सूचना पाकर घर पहुंचे कपिल पर भी पिता-पुत्र ने हमला कर दिया मारपीट के दौरान कपिल को गंभीर चोटें आई घटना की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है वही कपिल पाण्डेय ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस से गुहार लगाई है कि अभी तक आरोपी खुलेआम घूम रहे जिससे उसकी जान माल को खतरा बना हुआ आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाए।

## बीएसए पर निलंबित शिक्षक का भरोसा, बोले भ्रामक तथ्यों से हुआ भ्रम

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निलंबित शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से भेंट कर अपना पक्ष रखा और विभागीय कार्रवाई को लेकर फैली गलतफहमी पर खेद व्यक्त किया। नरेंद्र पांडेय ने कहा कि उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई कुछ भ्रामक तथ्यों के आधार पर की गई, जिससे उन्हें भी भ्रम हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें अब विभाग की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर पूरा विश्वास है और वे सत्य की जांच के पक्षधर हैं। शिक्षक ने पत्र के माध्यम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं आवश्यक जांच कराने की मांग की। इस पर बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने शिक्षक की बातों को गंभीरता से सुना और पारदर्शी, न्यायोचित तथा नियमसम्मत कार्रवाई का भरोसा दिलाया। नरेंद्र पांडेय ने लिखित रूप में कहाकि बीएसए महोदय के प्रति जो गलतफहमी बनी, वह कुछ लोगों द्वारा दिए गए भ्रामक तथ्यों का परिणाम थी। मुझे विभाग की सत्यनिष्ठा और बीएसए महोदय की निष्पक्षता पर पूर्ण विश्वास है। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने शांतिपूर्ण संवाद और प्रशासनिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया। इस पूरे प्रकरण ने यह संदेश दिया कि बीएसए उपेंद्र गुप्ता न्यायप्रिय, संवादशील और पारदर्शी अधिकारी हैं, जो हर पक्ष को सुनकर ही निर्णय लेते हैं। शिक्षक समुदाय ने भी उनके कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों से व्यवस्था में विश्वास मजबूत होता है। शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने आशा जताई कि निष्पक्ष जांच के बाद उन्हें न्याय मिलेगा और सच्चाई सामने आएगी।

## गोसाई बाबा के मेले का प्रधान प्रतिनिधि ने किया शुभारम्भ



**तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत भेलाई कला स्थित प्राचीनतम गोसाई बाबा मेले का प्रधान प्रतिनिधि ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अशरफ ने अपने सम्बोधन में कहा कि गलियारो से लेकर सड़क व इंटर लाकिग स्कूल सहित पंचायत भवन तक सभी विकास कार्यो को बेहतर तरीके से ग्राम वासियो तक पहुंचाया है सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना को बखूबी ग्रामसभा में उतारा है इसी क्रम में हर वर्ष लगने वाले गोसाई बाबा मंदिर भेलाई कला में भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेला समित की इच्छा अनुकूल मेले का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिध मोहम्मद अशरफ के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रधान प्रतिनिध ने आयोजन समिति को पच्चीस हजार रुपये की सहयोग राशि देकर मेले को भव्य बनाने का बेहतर कार्य किया है जिससे ग्राम पंचायत व क्षेत्र की जनता पूर्ण रुप से सराहना कर रही है इस अवसर पर पवन मौर्य,देवी मौर्य,गौरव मौर्य, अभिषेक मौर्य, धर्मेंद्र पत्रकार, सरोज तिवारी,मनीष तिवारी,विजय तिवारी, अशोक तिवारी, शत्रुघ्न कोटेदार, गयादीन मौर्य,जानकी मौर्य कन्हैया मौर्य, संतराम मौर्य,अमरजीत मौर्य, मंसाराम मौर्य,लखन मौर्य ,डॉक्टर विनोद पासवान, राकेश मौर्या ,राम नारायण मौर्य ,रामखेलावन पासी, जितेंद्र पासवान सहित अन्य कमेटी के सदस्यगण मौजूद रहे।

## एसपी ने आपरेशन दहन गोष्ठी में मातहतों को दिशा निर्देश

**अमेठी,अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आपरेशन दहन के सम्बंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष व हेड मोहर्रिर के साथ अवैध मादक पदार्थों के विनष्टीकरण, निस्तारण हेतु चलाये जा रहे आपरेशन दहन अभियान के सम्बंध में समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी में थानों पर अवैध मादक पदार्थों के अभियोगों से संबन्धित जमा माल के निस्तारण विनष्टीकरण हेतु चल रहे आनलाइन प्रशिक्षण को देखा गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों से गोष्ठी में प्रतिभाग कर रहे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को अवगत कराया गया तथा आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# विरोध करना अपराध नहीं है

नयी दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के शर्ट उतार कर प्रदर्शन करने से भाजपा ने देश में ऐसा सियासी बवाल खड़ा किया मानो लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना कोई बड़ा गुनाह है। अब इस बात को देखकर हैरानी भी नहीं होती कि भाजपा के साथ-साथ कई स्वयंभू बड़े पत्रकारों ने भी इस प्रदर्शन पर कांग्रेस को नसीहतें देना शुरु कर दिया कि विरोध का ये कोई तरीका नहीं होता। इन पत्रकारों ने शायद अब आईने में अपना चेहरा देखना ही बंद कर दिया है, क्योंकि देखेंगे तो असलियत दिखाई पड़ेगी कि मोदी सरकार के 12 बरसों में एक से बढ़कर एक गलत फैसले पूरी तरह सोच-समझ कर लिए गए, जिनसे आम जनता की जान पर बन आई, लेकिन तब इनके मुंह से ये नहीं निकला कि सत्ता चलाने का ये कोई तरीका नहीं है। नोटबंदी, लॉकडाउन, सांसदों का निलंबन ऐसे बड़े मामले तो छोड़ ही दीजिए, जनता के टैक्स पर प्रधानमंत्री के मन की बात को तमाम भाजपाई मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक बड़ी स्क्रीन लगाकर सुनते हैं, या प्रधानमंत्री ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के लिए जितना तामझाम करते हैं, उस पर क्या पत्रकारों ने लगातार सवाल उठाए। अगर पत्रकार ईमानदारी से रोजाना सरकार को गलत बात पर टोकते रहे, उससे जुड़े कार्यक्रम करते रहें, तो मजाल है कि कोई सरकार इतनी मनमानी करे, जितनी मोदी सरकार करती है। लेकिन 2014 के बाद एक अलग ही चलन बन गया है कि सारी जिम्मेदारी विपक्ष पर डाल दी जाती है, सवाल भी विपक्ष से ही होते हैं। पिछले कार्यकाल में अधीर रंजन चौधरी नेता प्रतिपक्ष थे, तो उनसे उतने सवाल नहीं होते थे, वो कब संसद में आए या संसद सत्र के दौरान कहां रहे, इसकी भी जानकारी पत्रकारों को शायद ही होती होगी। लेकिन राहुल गांधी जब से नेता प्रतिपक्ष बने हैं, सवालों के तीर उनकी तरफ ही रहते हैं। सत्र में व्यवधान हो तो उसके जिम्मेदार राहुल गांधी हैं, प्रधानमंत्री संसद न आएं तो उसके भी जिम्मेदार राहुल गांधी हैं और अगर सत्र के बीच में दो-चार दिन के लिए राहुल गांधी कहीं चले जाएं, तो उन्हें पार्ट टाइम राजनेता कहने में गुरेज नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से कभी कोई सवाल नहीं होता और अब तो पत्रकारों ने ये पूछना भी जरूरी नहीं समझा कि आप हर महीने आकर अपने मन की बात सुनाते हैं, तो कभी खुली प्रेस कांफ्रेंस क्यों नहीं करते, ताकि हम भी जनता से जुड़े सवाल सीधे आपके सामने रख सकें। बहरहाल, आज का दौर ऐसा हो चुका है कि अब सरकार के साथ-साथ पत्रकारों से निष्पक्ष रहने की उम्मीद भी खत्म होती जा रही है। जहां तक सवाल युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन का है, तो लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध अधिकार ही होता है, अपराध नहीं होता। 2010 में जब दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेल आयोजित हुए थे, तब भाजपा ने भी विरोध किया था। तब भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन ही था, तो क्या उसमें देश की बदनामी नहीं हुई होगी। असल में भाजपा को देश की नहीं अपनी बदनामी का डर सता रहा है। क्योंकि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड लिखी जो टी शर्ट्स दिखाकर विरोध किया, उसमें संदेश दूर-दूर तक पहुंच गया कि हमारे प्रधानमंत्री खुद को या अपने मित्रों के बचाने के लिए किसी भी हद तक झुक कर समझौता कर सकते हैं। वैसे राहुल गांधी यह बात पहले ही संसद में कह चुके हैं और इस आरोप को लगाने की वजह खुद मोदी सरकार ने ही दी है। कांग्रेस उनसे बार-बार पूछ रही है कि आखिर व्यापार सौदे में डोनाल्ड ट्रंप की सारी शर्तों को मानने की कौन सी मजबूरी है। ट्रंप ने केवल भारत पर ही नहीं दुनिया के कई देशों पर टैरिफ थोपे हैं, लेकिन चीन जैसे शक्तिशाली देश से लेकर ब्राजील जैसे विकासशील देश ने अपनी शर्तें खुलकर ट्रंप के सामने रखीं और बेजा बातों को मानने से इंकार कर दिया। नरेन्द्र मोदी ऐसा क्यों नहीं कर पाए, किसलिए रूस जैसे पुराने मित्र से तेल खरीदना बंद किया, पांच सौ बिलियन डॉलर का सामान अमेरिका से खरीदने की शर्त क्यों मान ली। अगर सरकार इनका तार्किक जवाब दे देती तो शायद कांग्रेस को विरोध का मौका नहीं मिलता। लेकिन जवाब देने की जगह प्रधानमंत्री मोदी संसद से नदारद हो गए और उनके दूसरे मंत्री एक-दूसरे पर इन सवालों को टालते रहे कि इनसे पूछो, हमें नहीं मालूम। ऐसे टरकाने वाले रवैये से शक ही पैदा होगा कि कोई न कोई ऐसी मजबूरी है, जो मोदी सरकार देश से छिपा रही है।

# मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक

**लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है।**

भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुईं, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है। लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल




बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। यह भी समझना होगा कि मुफ्त योजनाओं का हर स्वरूप गलत नहीं है। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत देना, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय सहायता पहुंचाना, सामाजिक न्याय के तहत वंचित वर्गों को अवसर देना-ये सब राज्य की जिम्मेदारी है। परंतु चुनावी मौसम में अचानक घोषणाओं की बाढ़ आ जाना और दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों की अनदेखी करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत नहीं है। यह राजनीतिक दलों के वैचारिक दिवालियेपन को दर्शाता है, जहां दूरदृष्टि की जगह तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता से भी आती है। यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ देखकर मतदान करता है, तो वह अनजाने में ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है जो अंततः उसी के भविष्य को प्रभावित करती है। परिपक्व मतदाता वही है जो घोषणाओं के पीछे की मंशा और आर्थिक व्यवहार्यता को समझे। वह यह पूछे कि पांच साल बाद राज्य की आर्थिक स्थिति क्या होगी, विकास की दिशा क्या होगी और रोजगार के अवसर कितने बढ़ेंगे। लोकतंत्र में वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। आज भारत स्वयं को वैश्विक मंच पर एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। हम विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं, लेकिन यदि हमारी राजनीति लोकलुभावनवाद के जाल में उलझी रहेगी, तो यह संकल्प खोखला सिद्ध होगा। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव तभी सार्थक है जब हमारी नीतियां दूरदर्शी, संतुलित और टिकाऊ हों। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकलकर उत्पादकता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। यह समय आत्ममंथन का है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि जनता को सशक्त बनाना केवल धन बांटने से संभव नहीं है। शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार-ये चार स्तंभ किसी भी राष्ट्र की मजबूती तय करते हैं। यदि इन पर निवेश बढ़ेगा, तो नागरिक आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य पर बोझ कम होगा। वहीं, नागरिकों को भी यह ठानना होगा कि वे तात्कालिक प्रलोभनों के बजाय दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देंगे। लोकतंत्र की सुदृढ़ता तभी सुनिश्चित होगी जब शासन और जनता दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। निस्संदेह, चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए। विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया था कि पिछले साल अक्तूबर में आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 15,600 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध कदम था। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपरोक्ष रूप से रिश्वत देने के प्रयासों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही इस दिशा में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में कार्रवाई भी करनी चाहिए। निर्विवाद रूप से चुनाव प्रक्रिया में कोई भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिये हानिकारक है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की प्रवृत्ति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती है। यह कार्य करने की मानसिकता को बाधित करती है और समाज में सरकार-निर्भरता एवं अकर्मण्यता की संस्कृति को जन्म देती है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आर्थिक असंतुलन और राजनीतिक अविश्वास दोनों बढ़ेंगे। इसलिए आवश्यक है कि नीतियों की पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और चुनावी निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यही लोकतंत्र की वास्तविक रक्षा है, यही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। **–ललित गर्ग**

# चिंता का विषय है जातीय वैमनस्यता को बढ़ावा देना

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**सोशल मीडिया एवं विभिन्न संचार माध्यम अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए जिस प्रकार से जातीय विघटनकारी विमर्श पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं, उससे प्रश्न उत्पन्न होता है, कि जिन पर देश में शांति, सद्भाव, समरसता बनाये रखने का दायित्व है, वे अपने दायित्व से विमुख होकर अराजक तत्वों के मंसूबों को सींचने में अपना सहयोग प्रदान क्यों कर रहे हैं।**

देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर जिस प्रकार का अराजक वातावरण बनाया जा रहा है तथा समाज में विघटनकारी प्रदर्शनों से जातीय वैमनस्यता को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह भले ही सत्ता को अस्थिर करने का मंसूबा पालने वाली शक्तियों के लिए हर्ष का विषय हो, लेकिन देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सोशल मीडिया एवं विभिन्न संचार माध्यम अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए जिस प्रकार से जातीय विघटनकारी विमर्श पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं, उससे प्रश्न उत्पन्न होता है, कि जिन पर देश में शांति, सद्भाव, समरसता बनाये रखने का दायित्व है, वे अपने दायित्व से विमुख होकर अराजक तत्वों के मंसूबों को सींचने में अपना सहयोग प्रदान क्यों कर रहे हैं। कौन नहीं जानता, कि देश में बढ़ती जनसंख्या गंभीर मुद्दा है, बिना स्पष्ट एवं कठोर जनसंख्या नीति के देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। देश के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अधिकाधिक हो रहा है। जल और आवास की मूलभूत सुविधाएं भी लोगों को मयस्सर नहीं हैं। वोट के लालच में कतिपय राजनीतिक दल इस मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं। कुछ राजनीतिक दल तो घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान करके कुछ प्रदेशों में सत्ता सुख भोग रहे हैं। लंबे समय से देश में समान नागरिक संहिता लागू किये जाने की वकालत की जा रही है, किन्तु राजनीतिक कारणों से इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। देश को राजनीति की प्रयोगशाला बनाने में सभी दल सामाजिक समरसता और गुणवत्ता परक शिक्षा से खिलवाड़ करने में लगे हैं। जिन प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को अध्ययन करके राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए थी,वे शिक्षण कक्ष की जगह सड़कों पर ढपली बजाकर सामाजिक समरसता का विरोध करने पर आमादा हैं। उन्हें आजाद भारत में न जाने कौन सी आजादी चाहिए। जिस दौर में हाथ का कारीगर अपनी मजदूरी स्वयं तय कर रहा है, तथा अपनी शर्तों पर कार्य कर रहा है, बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे के साथ बैठकर भोजन करता है, उस दौर में शिक्षा के क्षेत्र में जातिगत भेदभाव विमर्श प्रस्तुत करके जनमानस में नफरत की दीवार खड़ी करने के पीछे कौन सी शक्तियां खड़ी हैं, यह जाँच का विषय है। लोकतंत्र में मत भिन्नता होना स्वाभाविक है, किन्तु आपसी मतभेदों में राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों की अवहेलना किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती। सो आवश्यक है, कि समाचार चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक नफरत परोसने वाले विमर्श पर प्रतिबंध लगे। प्रमाणिक तथ्यों के बिना प्रस्तुत किसी भी विचार या कथन को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा जाए।

## सेहत मंत्र

# लहसुन और प्याज खाने से कम होता है आंतों के कैंसर का खतरा: शोध

आमतौर पर ज्यादातर भारतीय भोजन में किसी न किसी रूप में लहसुन प्याज का प्रयोग किया जाता है। मगर कुछ लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। हाल में हुए एक शोध में पाया गया है कि अगर आप लहसुन और प्याज का नियमित सेवन करते हैं, तो आपको आंतों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। दरअसल लहसुन और प्याज में कुछ ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो कैंसर को पनपने से रोकते हैं। शोध में बताया गया कि लहसुन, प्याज और प्याज प्रजाति की अन्य सब्जियों के सेवन से बड़ी आंत और गुदा के कैंसर का खतरा कम होता है। यह शोध एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑनकोलोजी में प्रकाशित हुआ है। शोध में इस बात का दावा किया गया है कि प्याज की प्रजाति की सब्जियों का ज्यादा सेवन करने वाले वयस्कों में कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा उनलोगों से 79 फीसदी कम होता है जो इस तरह की सब्जियां कम खाते हैं। आहार नाल के निचले छोर पर स्थित बड़ी आंत और गुदा के कैंसर को कोलोरेक्टल कैंसर कहा जाता है। चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी के फर्स्ट हॉस्पिटल के शोधकर्ता झी ली ने कहा, ''मौजूदा शोध का सार यह है कि जीवनशैली बदलने से कोलोरेक्टल कैंसर से शुरुआती तौर पर रोकथाम हो सकती है।'' विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोलोरेक्टल कैंसर पूरी दुनिया में आम है और 2018 में इसके 18 लाख मामले पाए गए जिनमें 8,62,000 की मौत हो गई। प्याज में विशेष रूप से पाए जाने वाले तत्वों में क्वारसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट तथा सल्फर इसे अलग ही गुण प्रदान करते हैं। सेब में भी क्वारसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है लेकिन प्याज में यह सेब से तीन गुना ज्यादा होता है। क्वारसेटिन एक ताकतवर एंटीऑक्सीडेंट है , जो एलर्जी को कम कर सकता है , नसों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव को रोकता है , ब्लड प्रेशर कम करता है , प्रोस्टेट और पेशाब की थैली की परेशानी में कमी लाता है तथा कैंसर को बढ़ने से रोकता है। प्याज में पाए जाने वाले सल्फर कम्पाउंड कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। यह तत्व नाइट्रिक ऑक्साइड का स्राव करके रक्त शिराओं को लचीला बनाकर उनमे खून का बहना आसान बनाते हैं। इसके फ्लेवोनोइड्स तथा फीटो केमिकल्स बहुत लाभदायक होते हैं।

## धर्म मंत्र

# इंदौर में है एक मंदिर जहां स्वयं प्रकट हुए शनिदेव

इंदौर में शनिदेव का प्राचीन व चमत्कारिक मंदिर जूनी इंदौर में स्थित है। इस मंदिर के बारे में एक कथा प्रचलित है कि मंदिर के स्थान पर लगभग 300 वर्ष पूर्व एक 20 फुट ऊंचा टीला था, जहां वर्तमान पुजारी के पूर्वज पंडित गोपालदास तिवारी आकर ठहरे थे। एक रात शनिदेव ने पंडित गोपालदास को स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि उनकी एक प्रतिमा उस टीले के अंदर दबी हुई है। शनिदेव ने पंडित गोपालदास को टीला खोदकर प्रतिमा बाहर निकालने का आदेश दिया। जब पंडित गोपालदास ने उनसे कहा कि वे दृष्टिहीन होने से इस कार्य में असमर्थ हैं, तो शनिदेव उनसे बोले, 'अपनी आंखें खोलो, अब तुम सब कुछ देख सकोगे। आखें खोलने पर पंडित गोपालदास ने पाया कि वास्तव में उनका अंधत्व दूर हो गया है और वे सबकुछ साफ-साफ देख सकते हैं। अब पंडितजी ने टीले को खोदना शुरू किया। उनकी आंखें ठीक होने के चमत्कार के चलते स्थानीय लोगों को भी उनके स्वप्न की बात पर यकीन हो गया तथा वे खुदाई में उनकी मदद करने लगे। पूरा टीला खोदने पर वहां वाकई शनिदेव की एक प्रतिमा निकली। इस प्रतिमा को बाहर निकालकर उसकी स्थापना की गई। आज भी इस मंदिर में वही मूर्ति स्थापित है। इस प्रतिमा से जुड़े एक और चमत्कार की कथा प्रचलित है। बताते हैं कि शनिदेव की प्रतिमा पहले वर्तमान में मंदिर में स्थापित भगवान राम की प्रतिमा के स्थान पर थी। एक शनिचरी अमावस्या पर यह प्रतिमा स्वतः अपना स्थान बदलकर उस स्थान पर आ गई जहां ये अब स्थापित है। तब से शनिदेव की पूजा उसी स्थान पर हो रही है और यह श्रद्धालुओं की प्राचीनतम आस्था का केंद्र बन गया है। हर वर्ष शनि जयंती पर इस मंदिर में उत्सव मनाया जाता है।

## पर्यटन



# विशाल बौद्ध और हिंदू मंदिरों से सजा हुआ 'जोगजकार्ता' है इंडोनेशिया की सांस्कृतिक नगरी

इंडोनेशिया के जोगजकार्ता में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सब कुछ है। बोरोबुदुर का सबसे बड़ा बौद्ध मंदिर, प्रमबनन का विशाल हिंदू मंदिर, समृद्ध जावा संस्कृति, मुंह में पानी लाने वाले व्यंजन और बाटिक कला- इन सभी चीजों को देखकर पर्यटकों का मन ये शहर छोड़कर जाने को नहीं होता है..हमारा विमान जैसे ही जोगजकार्ता, जिसे इंडोनेशिया के सांस्कृतिक नगरी के नाम से जाना जाता है, की ओर जा रहा था, तभी दो बड़े पर्वतों से निकलते हुए धुंए ने अचानक सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। ये विशाल पर्वत हमारे विमान के समानांतर चलते दिखाई दे रहे थे और इस पर पड़ी धुंध आकाश तक पहुंचती हुई दिख रही थी। यह मनोहारी दृश्य था और जो कुछ भी हो रहा था उसकी झलक को अपने कैमरे या मोबाइल फोन में कैद करने से कोई भी अपने आप को रोक नहीं पा रहा था। अभी लोगों ने कुछ ही फोटो खींची होगी, तभी किसी ने कहा कि दूसरी तरफ भी उतने ही सुंदर दृश्य नजर आ रहे हैं। पर्वत देखने में बर्फ से ढंके हुए लग रहे थे और उसके चारों तरफ धुंध घिरी हुई थी। इस क्षेत्र में बर्फ के होने पर किसी को भी आश्चर्य हो सकता था। तभी एक सहयात्री ने समझाया कि यह ज्वालामुखी पर्वत है, जिससे हमेशा धुंआ निकलते रहता है। आगे समझाते हुए कहा कि जोगजकार्ता या जोगजा (स्थानीय लोग की भाषा में) में ही माउंट मेरापी पड़ता है, जिसे पृथ्वी का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी माना जाता है। देर शाम का समय था, जब हमारा विमान जोगजकार्ता के छोटे और सुंदर अदिसुतजिप्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। दिलचस्प बात यह थी कि पूरे हवाई अड्डे पर विदेशियों की संख्या ज्यादा थी और स्थानीय लोग उनकी तुलना में कम थे। वहां पीठ पर एक बैग के साथ यात्रा करने वाले लोग भी थे और साथ ही, फैमिली ट्रिप के लिए निकले लोग भी। सभी का एक ही उद्देश्य था- जोगजकार्ता जैसे खूबसूरत शहर के बारे में जानना।

# पंचायत भवन जनता को समर्पित

## किसानों को योगी की अनुपम सौगात, मंगलमयी हुआ मंगलवार





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड के नागरिकों के लिए आज मंगलवार का दिन भरी खुशियां लेकर आया। आकाशी ब्लॉक के कृषक फूले नहीं समा रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निंदूरा वासियों के लिए प्रदेश में सबसे पहले सौगात '' किसान कल्याण केंद्र रूप में दी, जिसका शिलान्यास आज मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा किया गया। तो इसी

विकास खंड की ग्राम पंचायत खड़सरा में ग्राम स्वराज योजना के तहत 13 लाख 46 हजार की लागत से बना पंचायत भवन विधायक श्री वर्मा ने बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में आज जनता को समर्पित सौंप दिया। इस प्रकार निंदूरा आकांक्षी ब्लॉक के कृषकों एवं नागरिकों के लिए मंगलवार मंगलमयी हुआ। बताते हैं कि एडीओ पंचायत अनिल सिंह की उपस्थिति में विधायक ने विकास की धुरी समान भवन का फीता काटा।

ग्राम पंचायत निंदूरा में कोई एक करोड़ 22 लाख की लागत से बनने वाले मल्टी पर्पज सीड स्टोर एवं किसान कल्याण केंद्र के निर्माण हेतु विधायक श्री वर्मा ने मंगलवार को भूमि पूजन किया।आधारशिला रखी।

''विधायक ने श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रमुख है। सरकार ल्लसबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी राजित राम, उप कृषि निदेशक बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा, प्रदीप रावत, श्रीश रावत, सचिव ब्रजकिशोर कुशवाहा, मुकेश सिंह, अमित गुप्ता, दीपक यादव,राजन सिंह,विशाल सिंह,राजेश सिंह,नितिन मौर्य,रमाकांत बाजपेई उर्फ मुनवा काका,विनोद कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### एक ही छत के नीचे सभी कृषक सेवाएं

विधायक ने बताया कि कृषि कल्याण केंद्र बनने से क्षेत्र के किसानों को बीज भंडारण, वितरण एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। यहां एक विशाल हाल का निर्माण भी किया जाएगा, जहां बैठकें व किसानों को प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### निंदूरा को प्राथमिकता, राज्य में पहला शिलान्यास

उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में 60 किसान कल्याण केंद्र स्वीकृत हुए हैं।, जिनमें से यहां भूमि पूजन सबसे पहले संपन्न हुआ। इसे क्षेत्र के किसानों का सौभाग्य बताया गया।

### मील का पत्थर! विधायक का प्रयास''

श्री सिंह के मुताबिक भूतल पर गोदाम, कार्यालय, महिला-पुरुष शौचालय तथा दो पेस्टीसाइड गोदाम बनेंगे। दूसरे पर मीटिंग हॉल का निर्माण होगा। किसानों के लिए बैठने और प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था रहेगी।

# पुण्यतिथि पर मास्टर राम दुलारे को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।कोटवाधाम में स्वर्गीय मास्टर रामदुलारे रावत की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रामू काका ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मास्टर रामदुलारे रावत ने पूरे जिले के पासी समाज को अपना परिवार माना। उन्होंने जीवन भर समाज के लोगों को एकजुट कर उनके हक हकूक की लड़ाई लड़ी और उन्हें न्याय दिलाया।समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोनू रावत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय मास्टर रामदुलारे रावत ने समाज के दबे-कुचले व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। हम सभी उन्हीं के बताए रास्ते पर चल रहे हैं।इस मौके पर प्रमोद कुमार रावत नन्हा, दिनेश कुमार रावत, मखाना देवी, झगरु प्रसाद गौतम, बृजेश कुमार रावत, पप्पू रावत, पीमा रावत एडवोकेट, अजय कुमार रावत एडवोकेट, विक्की रावत, हर्ष रावत, कल्लू डॉक्टर, निर्मल कुमार रावत, श्रीमती गुड़िया देवी, गोल्डी रावत, प्रतिभा रावत और प्रीति रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सीडीपीओ का औचक निरीक्षण, दिशा निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे प्राथमिक विद्यालय तूलीपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के स्तर, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था और छात्रों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान, सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने छात्रों से सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी और गणित से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्रों ने इन प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी विद्यालय की वर्तमान स्थिति और अन्य आवश्यक विवरणों पर चर्चा की।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीडीपीओ ने स्मार्ट टीवी भी चलाकर देखा।इस अवसर पर विद्यालय की सहायक अध्यापिका दीप्ति सिंह, शिक्षामित्र सुनीता सिंह और अर्चना वर्मा सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### खाद्य अधिकारी सक्रिय, नमूना अभियान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली व रमजान त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र में सक्रिय हो गया है। खाद्य निरीक्षक अर्शी फारुखी के नेतृत्व में एक टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की और खाद्य सामग्री के दो नमूने एकत्र किए।छापेमारी के दौरान, सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के हिंदुस्तान स्वीट हाउस से छेना का नमूना लिया गया। वहीं, बदोसराय के शाजाद किराना स्टोर से पापड़ का नमूना एकत्र किया गया। इस अभियान में मिलावटी छेना को मौके पर ही नष्ट कराया गया।खाद्य निरीक्षक ने बदोसराय, मरकामऊ और सहित बड़े कस्बों के बाजारों में भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर साफ-सफाई बनाए रखने और केवल शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मिलावट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

### ठेला पर पलटा ट्रैक्टर ट्राली, तीन जख्मी

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी क्षेत्र के अनवारी गांव में आकाश राठौर के फल ठेले पर लखनऊ की ओर से आ रही टेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ठेले पर बहन अंजली 40 अपने दो बच्चों प्रिंस छः वर्ष और शिवांश चार वर्ष के साथ बैठी थी। हादसे में महिला व दोनों बच्चे ट्रॉली के नीचे दब गए।पुलिस के अनुसार तीनों घायल हुए हैं। ट्रॉली पलटने से कुछ देर जाम लगा, जिसे जेसीबी से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

### अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आबकारी विभाग ने होली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह के नेतृत्व में टीम ने सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र कई स्थानों पर दबिश दी और लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लगभग 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।यह अभियान दुरर्जनपुर, सिखलिखपुरवा विद्यानगर, रेवढा, सुर्रा और दुल्हादेपुर जैसे गांवों में चलाया गया। कुल 14 संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे गए, जहां से कच्ची शराब जब्त की गई।आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### आवारा पशु की धर पकड़ तेज, हादसे के बाद चेता प्रशासन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहरी मैलारायगंज,और पंजरौली गांव में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू किया गया। विकासखंड प्रशासन व पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र के कई गांवों में घूम रहे इन पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया।यह अभियान रविवार को शहरी गांव में आवारा पशु के हमले से रमजान अली की मौत के बाद तेज हुआ है।

### मंदिर में चोरी करना वाले गिरफ्तार

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर में चोरी करने वाले दो चोरों को लोगों ने सीसीटीवी कैमरे के सहारे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।सरोजनी नगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में आर्यन एक्सपोर्टर कंपनी परिसर स्थित मंदिर के पुजारी बृजेश तिवारी के मुताबिक सोमवार सुबह जब वह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला खुला मिला। बाद में छानबीन के दौरान मंदिर के अंदर रखे दान पात्र से रुपए गायब मिले। इस पर उन्होंने इसकी सूचना कंपनी कर्मचारियों को दी, जिसके बाद कंपनी के सुरक्षा गार्ड कर्मवीर सिंह, सर्वजीत चौबे और प्रदीप सिंह ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जहां फुटेज में तड़के करीब 1:35 बजे बगल में कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले दो व्यक्ति मंदिर में आते-जाते दिखाई दिए। तब पहचान उनकी पहचान हरदोई जिले के निजामपुर पारा निवासी रामलड़ैते और यहीं के हैदर अली के रूप में हुई। तब उन्हें बुलाकर पूछताछ करने के साथ उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से क्रमशः 460 और 900 रुपये बरामद हुए।

# ब्लॉक शिक्षक संघ इकाई का गठन, हनुमंत अध्यक्ष



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा रामनगर शिक्षा क्षेत्र की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।जिसमें बाबू हनुमंत प्रसाद अवस्थी को अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र मंत्री प्रदीप कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष तथा अयोध्या प्रसाद रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।इसी दौरान शिक्षकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दीं।इस कार्यक्रम में डॉ राकेश सिंह उमानाथ मिश्र डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी दिलीप तिवारी व रोहित त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

# आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत जिलास्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी शंशाक त्रिपाठी द्वारा आगामी त्योहारों होलिका दहन/होली व जमात-उल-विदा (अलविदा), ईद-उल-फितर आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु धर्मगुरुओं/ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ लोक सभागार कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गयी। इस दौरान विभिन्न बिन्दुओं/समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त उपजिलाधिकारीगण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# लोहिया अस्पताल परिसर में 24.86 करोड़ की लागत से बनेगा रैन बसेरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया भूमि पूजन, डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी उद्घाटन
- 510 बेड क्षमता होगी रैन बसेरे में, मरीजों-तीमारदारों को मिलेगी बड़ी राहत, स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रहा सुधार



लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों व उनके परिजनों को ठहरने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। रोगियों और परिजनों के लिए परिसर में रैन बसेरा भवन बनेगा। मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रैन बसेरा का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। साथ ही डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी उदघाटन हुआ।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं। रोगियों को उनके घर के निकट इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नए अस्पताल व मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रोगियों को उच्च कोटि का इलाज मिल सके, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक रेफरल चिकित्सालय के रोगियों को सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक जांचों के लिए अन्य परिसर अथवा दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता था। जिससे इलाज में विलम्ब होता था। डायग्नोस्टिक सुविधाओं को मातृ शिशु चिकित्सालय में बढ़ाया जाएगा ताकि एक ही स्थान पर रोगियों को इलाज के साथ जांच की सुविधा भी मिल सके।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 24.86 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पीआरए भवन का भूमि पूजन राज्यपाल ने किया। लगभग 510 बेड क्षमता वाले इस पीआरए/रैन बसेरा भवन का निर्माण होगा। इससे दूर-दराज से आने वाले रोगियों के परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक ठहराव की सुविधा प्राप्त होगी। इसमें कुल 45 कमरों में 90 बेड की व्यवस्था होगी। साथ ही डॉरमेटरी में 420 बेड की उपलब्धता होगी। रसोई, डायनिंग हॉल, लाण्ड्री, 2 लिफ्ट, भोजन व्यवस्था, लिफ्ट तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित प्रावधान किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि शहीद पथ स्थित कैम्पस में 1000 बेड के ब्रॉड स्पेशिलिटी सेवाओं का अस्पताल स्वीकृत हो गया है। यहां 100 शैय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक हास्पिटल का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही 888 कमरों का ब्वायज तथा गर्ल्स हॉस्टल का कार्य भी प्रगति में है। स्पोर्टस कॉप्लेक्स, नर्सिंग कॉलेज इत्यादि कार्य निर्माणाधीन हैं। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, निदेशक, डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान प्रो. सीएम सिंह, सीएमएस, मातृ एवं शिशु रेफरल सेंटर डॉ. श्रीकेश, सीएमएस डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. सुब्रत, डॉ. भुवन चंद्र, डॉ. प्रद्युमन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बौद्ध भूमि कुशीनगर बना 'मिनी थाईलैंड', शोभायात्रा में शामिल हुए थाईलैंड के राजदूत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- 'बुद्ध धातु शोभा यात्रा' महापरिनिर्वाण मंदिर से रामाभार स्तूप पहुंचकर हुई समाप्त, 20-24 फरवरी तक भव्य आयोजन
- बौद्ध आयोजन से भारत-थाईलैंड मैत्री प्रगाढ़, इनबाउंड टूरिज्म को भी बढ़ावा
- 'बुद्ध धातु शोभा यात्रा' बनी भारत-थाई सांस्कृतिक सेतु का प्रतीक, दोनों देशों के संबंध हुए और प्रगाढ़ : जयवीर सिंह



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में मंगलवार को आस्था और बौद्ध संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। थाई मोनेस्ट्री कुशीनगर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय (20 से 24 फरवरी) समारोह के अंतिम दिन 17वीं पवित्र 'बुद्ध धातु शोभा यात्रा' हाथी-घोड़े और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा से संपूर्ण बुद्ध स्थली धम्ममय हो उठी। विशेषकर थाईलैंड से पहुंचे बौद्ध श्रद्धालुओं, भिक्षुओं और पर्यटकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में मुख्य अतिथि महाराज यतींद्र मोहन प्रताप मिश्रा तथा थाई राजदूत चवानाथ थानसून फंाट की गरिमामय उपस्थिति के बीच थाईलैंड से आए बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना की। मंगलवार सुबह शोभायात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से निकली, जो रामाभार स्तूप में पूजन-वंदन के बाद संपन्न हुई। थाई बौद्ध धर्म गुरु फ्रा था थेप बोधियोंग और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) की देखरेख में विशेष पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में थाईलैंड के अलावा नेपाल, तिब्बत, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे बौद्ध धर्मावलंबियों की गरिमामय उपस्थिति रही। हजारों स्थानीय के साथ 200 से अधिक विदेशी बौद्ध श्रद्धालु पवित्र यात्रा का हिस्सा बने। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'बुद्ध धातु शोभा यात्रा जैसे आयोजन भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सद्भाव और सहयोग को भी नई ऊंचाई प्रदान करते हैं। भारत और थाईलैंड के बीच मैत्री संबंध इन आयोजनों के माध्यम से निरंतर प्रगाढ़ हो रहे हैं। थाईलैंड से कुशीनगर पधारे लगभग 50 कलाकारों ने पारंपरिक 'सोम पोथा फ्रा धात' नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। थाई कलाकारों की सुसज्जित पारंपरिक वेशभूषा, सौम्य भाव-भंगिमाएं और लयबद्ध प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भारत और थाईलैंड सहित विभिन्न देशों से आए बौद्ध भिक्षुओं एवं उपासकों की उपस्थिति ने आयोजन को अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक एकता का स्वरूप प्रदान किया। 'बुद्ध धातु शोभा यात्रा' के अंतिम दिन कुशीनगर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। आकर्षक ढंग से सुसज्जित पालकी, कतारबद्ध श्रद्धालुओं की उपस्थिति और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों ने पूरे वातावरण को एक दिव्य उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

'बुद्ध धातु शोभा यात्रा' के दौरान पांच दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं और रचनात्मक कार्यक्रम हुए। भगवान बुद्ध के उपदेशों एवं करुणा संदेश पर आधारित गायन प्रतियोगिता, चित्रकला एवं रंग भरने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त, मंत्रोच्चार, भिक्षादान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन किया गया। शोभायात्रा समाप्ति से पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और वैश्विक सद्भाव का संदेश आज भी दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की पावन धरा की ओर आकर्षित कर रहा है। प्रदेश का बौद्ध सर्किट न केवल घरेलू बल्कि बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी आस्था और अध्ययन का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्ष 2025 में प्रदेश के सभी छह प्रमुख बौद्ध स्थलों- कुशीनगर, कौशांबी, संकिसा, श्रावस्ती, कपिलवस्तु और सारनाथ में 4.42 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इसी बात का प्रमाण है। राज्य पर्यटन विभाग दुनिया भर के बौद्ध श्रद्धालुओं को अपनी 'बोधि यात्रा' की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करने को आमंत्रित करता है।

### एसएसबी जवान के बंद घर से लाखों का सामान चोरी

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में बीते दिनों एसएसबी कर्मी के बंद पड़े नव निर्मित मकान से चोरों ने लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। जानकारी होने के बाद एसएसबी कर्मी की पत्नी ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोमती नगर स्थित एसएसबी की सरकारी आवास कॉलोनी में रहने वाली पीड़िता रिजवाना परवीन के मुताबिक उनका दो मंजिला मकान सरोजनी नगर के शान्तिनगर में क्रिएटिव स्कूल के पास स्थित है, जिसका निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ था। रिजवाना का कहना है कि उनके पति समीर उद्दीन एसएसबी की 59वीं वाहिनी नानपारा, बहराइच में तैनात हैं। मकान की ओपनिंग इसी माह होनी थी, इसलिए घर में ताला बंद था। पीड़िता का कहना है कि 22 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे जब वह मकान पर पहुंचीं तो बाहर का ताला बंद मिला, लेकिन अंदर जाकर देखा तो दोनों मंजिलों से बिजली की पूरी वायरिंग काटकर निकाल ली गई थी। साथ ही कीमती सीलिंग लाइट, स्विच बोर्ड व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया गया। चोरी गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। जानकारी होने के बाद पिता ने इसकी सूचना सूचना सरोजनी नगर थाने पर दी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### अविमुक्तेश्वरानंद से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

वाराणसी। यौन शोषण के आरोप में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मिले। केदारघाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य से मिलकर आशीर्वाद लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने संत समाज के सम्मान और सनातन परम्परा की रक्षा को लेकर पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि संतों के सम्मान पर आंच बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुनियोजित साजिश के तहत भगवान शंकराचार्य को बदनाम करने का प्रयास भाजपा सरकार कर रही है। शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन धर्म का अपमान है। शंकराचार्य भगवान के स्वरूप हैं। हम काशीवासी और कांग्रेसजन उनके साथ डटकर खड़े हैं। उनका अपमान हम सब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को यह याद रखना चाहिए कि तानाशाही ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका माकूल जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संतों और धर्माचार्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाना भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परम्परा के खिलाफ है।





# न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने के लिए श्रीलंका को करना होगा काफी सुधार

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए। श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के



बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल। उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था। पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने गेंदबाजी में प्रभावित किया है। न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इस मैच में बारिश की संभावना नहीं है और इसलिए दोनों टीम सुपर आठ में पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेंगी। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन और टिम सीफर्ट की जोड़ी ने लीग चरण के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया और वे उस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। रचिन रविंद्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की थी।

# हेटमायर तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी, निचले क्रम में उनकी प्रतिभा बेकार जा रही थी : शाई होप

एजेंसी

मुंबई। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। हेटमायर की 34 गेंदों पर खेली गई 85 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी जिसे होप ने दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत करार दिया। हेटमायर ने सात छक्के और इतने ही चौके लगाए जिससे वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 254 रन बनाए जो टी20 विश्व कप के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। होप ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम



में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी। उन्होंने कहा, ''वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। हमने उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से यह भूमिका सौंपी थी और उन्होंने इसे अच्छी तरह से निभाया। हेटमायर अपने करियर में अधिकतर समय तक निचले क्रम के बल्लेबाज रहे हैं और फिनिशर के रूप में पांचवें से सातवें नंबर के बीच बल्लेबाजी करते रहे हैं। लेकिन मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने ऊपरी क्रम में प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। वेस्टइंडीज की टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत के बारे में होप ने कहा, ''जिस तरह से हम खेल रहे हैं उसे निश्चित रूप से हमें बहुत आत्मविश्वास मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिम्बाब्वे के कोच सैमन्स ने कहा, भारत कोई कसर नहीं छोड़ेगा लेकिन हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं। सैमन्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ की गई गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई को लेकर विपक्षी टीम ने जो पूर्व अनुमान लगाए वह सही साबित हुए और भारत के खिलाफ इस तरह की गलती से बचना होगा। उन्होंने कहा''हम इस मामले में थोड़ा और समझदारी से काम ले सकते हैं। चेन्नई का मैदान थोड़ा बड़ा होगा और शायद इस लिहाज से वहां हमें थोड़ी ज्यादा आसानी होगी।

### डोपिंग टेस्ट से बचने पर एआईयू ने भारतीय धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। तीस वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था। एआईयू ने अपने फैसले में कहा, ''दौड़ समाप्त होने के तुरंत बाद एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर (डीसीओ) और एक लीड डीसीओ ने इस एथलीट को मौखिक रूप से डोपिंग टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद इस एथलीट ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म (डीसीएफ) पर हस्ताक्षर नहीं किए। मौखिक सूचना मिलने के बाद एथलीट को फिनिश लाइन से डोपिंग कंट्रोल स्टेशन (डीसीएस) तक ले जाने के लिए एक सहायक साथ में था। इसी दौरान एथलीट सहायक से अलग होकर भीड़ में भाग गई। इसमें कहा गया है, ''पर्यवेक्षक ने एथलीट का पता लगाने की कोशिश की और तुरंत सूचित किया कि परीक्षण के लिए चुने जाने की मौखिक सूचना डीसीओ को दिए जाने के बाद एथलीट भाग गई। उन्होंने इस संबंध में दौड़ के निदेशक को भी जानकारी दी। निदेशक ने उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने किसी भी कॉल का जवाब नहीं दिया। पूजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई इसी वर्ष तीन फरवरी को शुरू की गई थी। आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर ही उन्होंने अपने अपराध के लिए माफी मांग ली थी। इसके बाद एआईयू ने उसके चार साल के प्रतिबंध में से एक साल की छूट दी।

### झारखंड सरकार ने 2026-27 के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि गतिविधियों में लगी महिलाओं के लिए एक योजना की घोषणा की गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नीत सरकार ने 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में कहा, '' मैं सदन के पटल पर वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का बजट रखता हूं। किशोर ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग.. गरीब, किसान, आदिवासी और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा, '' 'अबुआ दिशोम' (हमारा अपना) बजट झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा और गरीबों के आंसू पोंछेगा३ महिला किसानों के लिए 'महिला खुशहाली योजना' शुरू की जा रही है। इसके लिए हमने 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष में 100 नए 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' खोले जाएंगे। उन्होंने कहा, '' झारखंड खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसके अलावा यहां देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर और राजरप्पा मंदिर जैसे धार्मिक स्थल के साथ-साथ नेतरहाट जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की समावेशी वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री ने कहा, '' विपक्ष द्वारा बाधाएं उत्पन्न किए जाने के बावजूद, हम झुकेंगे नहीं और राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। किशोर ने झारखंड को पर्याप्त वित्तीय सहायता न देकर केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

### अमेरिका के 15 प्रतिशत शुल्क से एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को फायदा: मूडीज एनालिटिक्स

नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, '' काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

# टीम में जगह के लिये अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी : भारतीय महिला हॉकी कोच मारिन

एजेंसी

नयी दिल्ली। अतीत की उपलब्धियां कोच शोर्ड मारिन की टीम में चयन की गारंटी नहीं है और भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये बेहद महत्वपूर्ण वर्ष 2026 में सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह के लिये अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। तोक्यो ओलंपिक 2021 में मारिन के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही और पिछले साल एफआईएच प्रो लीग से भी बाहर हो गई। इसके अलावा एशिया कप के जरिये विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने में भी नाकाम रही। हैदराबाद में आठ से 14 मार्च तक होने वाले विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम के साथ लौटे मारिन कोई कोताही नहीं



बरतना चाहते और जरूरत पड़ने पर कड़े फैसले लेने से भी नहीं हिचकिचायेंगे। उन्होंने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' हमने छह जूनियर खिलाड़ियों को ग्रुप में रखा है। भारतीय टीम के साथ लौटने की घोषणा होने के तुरंत बाद से मैने हॉकी इंडिया लीग में जूनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखना शुरू किया। ये लड़कियां सीनियर खिलाड़ियों के साथ अच्छा तालमेल शिविर में दिखा रहीं हैं। यह पूछने पर कि तोक्यो ओलंपिक टीम का हिस्सा रहे सीनियर खिलाड़ियों की इस पर क्या प्रतिक्रिया है , उन्होंने कहा ,'' सीनियर्स समझते हैं कि अतीत की उपलब्धियां मायने नहीं रखती और टीम में जगह बनाने के लिये सभी को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। वे भी इससे सहमत हैं और टीम खेल में यह आम बात है। उन्होंने दोहराया कि चीजें रातोंरात नहीं बदलेगी लेकिन कहा कि टीम धीरे धीरे वहां तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा ,'' हम छोटे छोटे कदम ले रहे हैं। जब मैं और वेन (लोम्बार्ड) यहां आये तब कई खिलाड़ियों को कुछ न कुछ फिटनेस समस्या थी। यह रातोरात ठीक नहीं होगा और हमें एहतियात भी बरतनी होगी। मारिन ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की दीर्घकालिन रणनीति भी बनाई है लेकिन अभी उनका फोकस वहां तक पहुंचने की प्रक्रिया पर है। तोक्यो में उन्होंने दिल जीते लेकिन उन्हें भी पता है कि पिछले कुछ साल के प्रदर्शन को देखते हुए 2028 की राह और भी कठिन है। उन्होंने कहा ,'' तोक्यो में हमसे किसी को उम्मीद नहीं थी लेकिन आज भी हम नौवे नंबर पर है। टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी और प्रो लीग से बाहर हो गई। हम शीर्ष चार में नहीं हैं लिहाजा इस बार भी नये सिरे से शुरूआत करनी होगी। उन्होंने कहा ,'' जब आप ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं करते तो अगले ओलंपिक की तैयारी और जल्दी शुरू कर देते हैं। बेल्जियम इसका उदाहरण है जिसने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं किया तब अगले ही दिन से नये चक्र की तैयारी शुरू कर दी। अब आप देखिये कि वह टीम कहां है।

## ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट और तीन वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैच और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए इस साल सितंबर अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। पिछले साल जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के बाद दोनों टीम पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर 37 वर्षों में पहली बार कोई बड़ी ट्रॉफी जीती थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को बताया कि एकदिवसीय मैच 24 सितंबर को डरबन में, 27 सितंबर को जोहानिसबर्ग में और 30 सितंबर को पोटचेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे। इसके बाद 3-4 अक्टूबर को पोटचेफस्ट्रूम में दो दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा। पहला टेस्ट मैच नौ अक्टूबर को डरबन में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट मैच 18 अक्टूबर से गकेबरहा (पूर्व में पोर्ट एलिजाबेथ) में तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 27 अक्टूबर से केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेला जाएगा।

# प्राग शतरंज महोत्सव: गुकेश की निगाह साल की पहली सफलता पर

एजेंसी

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की



कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। यही वह प्रतियोगिता है जिसने चेन्नई के इस खिलाड़ी को पहली बड़ी सफलता दिलाई थी। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त चिदंबरम टाटा टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 2700 रेटिंग क्लब में वापसी करने की उम्मीद कर रहे होंगे। चिदंबरम के लिए यहां पिछली बार के प्रदर्शन को दोहराना एक कठिन चुनौती होगी।

# अर्जुन पुरस्कार प्राप्त पेंशनभोगी को शुल्क में छूट दिलाने में ईएफआई की भूमिका पर सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने अर्जुन पुरस्कार विजेता मेजर जनरल दीप अहलावत को एक प्रतियोगिता घोड़े के आयात के लिए सीमा शुल्क में छूट की सुविधा प्रदान की, जबकि वह पेंशनभोगी पूर्व खिलाड़ी हैं जो अब खेल में सक्रिय नहीं हैं। ईएफआई के इस फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। अर्जुन पुरस्कार पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों को यह वचन देना होता है कि वे सक्रिय प्रतियोगी नहीं हैं। संन्यास ले चुके घुड़सवार और अर्जुन पुरस्कार विजेता मेजर जनरल अहलावत वर्तमान में इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। कुछ दस्तावेज हैं जिनसे पता चलता है कि 26 जून को ईएफआई ने विदेश व्यापार महानिदेशालय को पत्र लिखकर जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड, स्पेन, डेनमार्क, बेल्जियम और हंगरी से छह घोड़ों को लाने के लिए उपयुक्त शुल्क रियायतों के साथ आवश्यक आयात लाइसेंस जारी करने का अनुरोध किया था। महासंघ ने पत्र में कहा कि इस कदम से भारत में घुड़सवारी खेल के विकास में मदद मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने की संभावना में सुधार होगा। ईएफआई ने नौ सितंबर 2025 को फिर से खेल मंत्रालय को लिखा कि मेजर जनरल अहलावत प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दो घोड़ों का आयात करेंगे और उनमें से एक के लिए शुल्क में छूट की जरूरत है। संघ ने मंत्रालय से सीमा शुल्क छूट प्रमाणपत्र (सीडीईसी) जारी करने का अनुरोध किया था। आयातित घोड़ा वार्मब्लड नस्ल का है जिसका नाम लवली मिस मोनेपेनी है। ईएफआई के इस फैसले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। शुल्क में छूट के साथ प्रतियोगिता घोड़ों के आयात को सुगम बनाना उस पेंशन संबंधी वचन के विपरीत लगता है जिसके तहत पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति का सक्रिय खेल से दूर रहना जरूरी होता है। पेंशन के लिए आवेदन करते समय आवेदक को यह वचन देना होता है कि उसने सक्रिय खेल करियर से संन्यास ले लिया है।

# रेवा डायमंड ज्वेलरी का आईपीओ लॉन्च, चार मार्च को हो सकती है लिस्टिंग

नई दिल्ली। ज्वेलरी प्रोडक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड का 380 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 26 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 27 फरवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि दो मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर चार मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक कंपनी के इस आईपीओ को सिर्फ 0.05 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 367 रुपये से लेकर 386 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 32 शेयर का है। रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को न्यूनतम एक लॉट यानी 32 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 12,352 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल इनवेस्टर्स इस आईपीओ में अधिकतम 16 लॉट यानी 512 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 1,97,632 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 98,44,559 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स के लिए 44.94 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट होराइजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

# कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने मुंबई में नया विकास कार्यालय खोला

एजेंसी

नई दिल्ली। कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने मंगलवार को मुंबई में अपना डेवलपमेंट ऑफिस खोला है। इसका उद्घाटन राजनेता शाइना एनसी ने किया। इस दौरान कासाग्रैंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरुण एमएन और सीनियर मैनेजमेंट टीम के लोग भी मौजूद रहे। कंपनी ने एक बयान में बताया कि लोअर परेल स्थित पेनिनसुला बिजनेस पार्क के टावर बी की 11वीं मंजिल पर स्थित यह कार्यालय पश्चिमी भारत में कैसाग्रैंड के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कासाग्रैंड दक्षिण भारत का एक जाना-माना रेजिडेंशियल ब्रांड है। एक जनवरी 2017 से 30 जून 2025 के दौरान चेन्नई के रेजिडेंशियल सेक्टर में यह सबसे बड़ा डेवलपर रहा है। कासाग्रैंड ब्रांड के तहत लग्जरी, मिड-रेंज और किफायती कैटेगरी में अपार्टमेंट और इंडिपेंडेंट विला




ऑफर करती है। रियल एस्टेट सेक्टर में 22 साल के अनुभव के साथ कासाग्रैंड के पास चेन्नई, बेंगलुरु, कोयंबटूर, हैदराबाद, पुणे जैसे पांच प्रमुख भारतीय शहरों और दुबई में 180 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स और 8.8 करोड़ स्क्वायर फीट से ज्यादा के डेवलपमेंट का मजबूत पोर्टफोलियो है। प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ऑफिस का पता है, 11वीं मंजिल, टावर उ, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- 400013 है। इस मौके पर कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण एमएन ने कहा, ल्लमुंबई में हमारे नए डेवलपमेंट ऑफिस का उद्घाटन हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि इस विस्तार से पार्टनर्स, कंसल्टेंट्स और स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम करने की हमारी क्षमता बढ़ेगी, साथ ही इस क्षेत्र में हमारे कामकाज में भी तेजी आएगी।

# संस्कृतियों के बीच एक सेतु है पर्यटन : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि पर्यटन संस्कृतियों के बीच एक सेतु, आर्थिक अवसरों का एक चालक और सौम्य कूटनीति का एक शक्तिशाली साधन है।

श्री राधाकृष्णन ने मंगलवार को यहां यूएस-इंडिया पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित पर्यटन लीडरशिप शिखर सम्मेलन में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसा मंच तैयार किया है जो भारत-अमेरिका आर्थिक गलियारे को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने वाला है। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक उद्योग से कहीं अधिक है। उन्होंने पर्यटन को संस्कृतियों के बीच एक सेतु, आर्थिक अवसरों का चालक और सौम्य कूटनीति का एक शक्तिशाली साधन बताया है।




उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच पर्यटन गहरे जन-संबंधों, साझा मूल्यों, उद्यमशीलता की भावना और प्रवासी भारतीय समुदाय की जीवंतता को दर्शाता है। उन्होंने भारत की दूरदर्शी पहलों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने पर्यटन विजन 2029 की घोषणा की है जिसका उद्देश्य हर राज्य में मजबूत बुनियादी ढांचे और वैश्विक स्तर की मेहमान नवाजी के साथ कम से कम एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल सिर्फ सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्बाध संपर्क, आधुनिक सुविधाओं, सुरक्षा, स्थिरता, डिजिटल एकीकरण और समृद्ध पर्यटक अनुभवों के साथ समग्र पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश वैश्विक स्तर पर पर्यटन को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। उन्होंने उन्नत पर्यटक सुविधाओं, व्याख्या केंद्रों, अंतिम छोर तक बेहतर संपर्क सुविधा, सतत विकास पद्धतियों और डिजिटल माध्यमों के जरिए भारत के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण और विश्व स्तरीय विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया है।

उन्होंने पर्यटन को रोजगार के सबसे बड़े स्रोतों में से एक बताते हुए समावेशी और समुदाय-संचालित विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण, उद्यमिता और महिला नेतृत्व वाले उद्यमों में अधिक निवेश करने का आह्वान किया।

## मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला किया और कहा कि कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं बल्कि श्री मोदी खुद डरपोक हैं जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा ''युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल इतना खराब हो चुका है जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है। श्री ट्रंप के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए। नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई। इससे यह भी साफ़ हो गया है कि लोग समझते थे कि मोदी जी देश के हित में ट्रंप से बात कर रहे हैं।

# सेना ने थार रेगिस्तान में हथियारों से 'अग्नि वर्षा' कर युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया

एजेंसी





नयी दिल्ली /पोखरण (राजस्थान )। सेना की दक्षिणी कमान ने मंगलवार को यहां राजस्थान की मरू भूमि स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में 'अग्नि वर्षा' अभ्यास के दौरान समकालीन हथियारों और प्रौद्योगिकी के जरिये अपनी एकीकृत ताकत तथा मारक क्षमता का जोरदार प्रर्शन किया।

इस अभ्यास ने वास्तविक रणमाहौल में हथियारों के समन्वित इस्तेमाल, लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता तथा नेटवर्क-सक्षम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रमाणित किया।

थार रेगिस्तान के चुनौतीपूर्ण भूभाग में आयोजित इस एकीकृत 'फायर एवं मनूवर' अभ्यास ने बहु-आयामी क्षेत्रों में निर्बाध रूप से कार्यरत यंत्रीकृत बलों की युद्धक प्रभावशीलता को रेखांकित किया। इस अभ्यास में 25 देशों से आए विदेशी रक्षा पत्रकारों ने प्रत्यक्ष देखा और सेना की संयुक्त हथियार संरचनाओं द्वारा प्रदर्शित गति, सटीकता और समन्वय के गवाह बने।

'अग्नि वर्षा' में समकालीन युद्धक्षेत्र प्रौद्योगिकियों की विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया था जिनमें मानव रहित हवाई प्रणालियां, ड्रोन रोधी प्रणाली, सटीक प्रहार रॉकेट, आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म तथा नेटवर्क आधारित निगरानी संसाधन शामिल थे।

अभ्यास में सेना के टी-90 मुख्य युद्धक टैंक, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल, के-9 वज्र स्वचालित होवित्जर, सारंग तथा बोफोर्स 155 एमएम हॉवित्जर तोप प्रणाली, रॉकेट प्लेटफॉर्म, स्वदेशी उन्नत हल्का हेलिकॉप्टर ध्रुव (हथियारों से लैस) हेलीकॉप्टर, अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर तथा विभिन्न प्रकार के निगरानी और स्ट्राइक ड्रोन ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

यह अभ्यास भारतीय सेना के प्रौद्योगिकी समावेशन, स्वदेशीकरण और क्षमता विकास पर निरंतर बल को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप त्वरित, समन्वित और निर्णायक अभियानों के संचालन के लिए उसकी तत्परता की पुष्टि करता है।

# पेज एक का शेष

## सिंगापुर में मिले एक...

पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन' विकसित करने की जो कार्रवाई शुरू की है, उसका यहां भी एक मॉडल देखने को हमें मिला है। सीएम ने उम्मीद जताई कि इस सेंटर के साथ भी हम इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। टीम यूपी की सराहना, उच्चायुक्त को धन्यवाद मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' सहित प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों और अधिकारियों की सराहना की, जो लगातार बैठकों में सक्रिय हैं। उन्होंने भारतीय उच्चायुक्त और उनकी टीम का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने ट्रेड, टेक्नोलॉजी, टूरिज्म, लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, एमआरओ और स्किलिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सिंगापुर में हुए निवेश समझौते और प्राप्त प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर तेज गति से अग्रसर करेंगे।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था...

किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की सकारात्मक छवि को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों, संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा विभिन्न दलों के नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सदन की गरिमा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सर्वोपरि रखते हुए भविष्य में भी स्वस्थ और सार्थक संवाद की परंपरा को और सुदृढ़ किया जाएगा। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि बजट सत्र 09 फरवरी से 20 फरवरी तक संचालित हुआ। सत्र के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 10 उपवेशन संपन्न हुए। कुल समयावधि 75 घंटे 08 मिनट रही। स्थगन की समयावधि 02 घंटे 23 मिनट रही, जबकि 72 घंटे 45 मिनट कार्यवाही स्थगन रहित चली। उन्होंने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा, सकारात्मक संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन सुनिश्चित किया गया। नियम-300 के अंतर्गत कुल 16 सूचनाएं प्राप्त हुईं। उनमें से 13 स्वीकार की गईं तथा 03 अग्राह्य की गईं। वहीं नियम-301 के तहत कुल 694 सूचनाएं प्राप्त हुईं। उनमें 358 स्वीकृत तथा 336 अस्वीकृत की गईं। सत्र के दौरान कुल 2427 प्रश्न प्राप्त हुए। उनमें से 2322 प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए, जो कुल प्रश्नों का लगभग 95.67 प्रतिशत है। प्राप्त प्रश्नों में 490 तारांकित, 1466 अतारांकित, 120 अल्पसूचित तथा 838 निजी सदस्यों से संबंधित प्रश्न सम्मिलित हैं। नियम-56 के अंतर्गत 62 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 16 को चर्चा हेतु स्वीकृत किया गया तथा 03 को शासन द्वारा स्वीकार किया गया। याचिका समिति के समक्ष सत्र अवधि में कुल 999 याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 826 ग्राह्य, 48 अग्राह्य तथा 125 याचिकाएं व्यपगत की गईं।

## होलिका दहन पर...

मार्च को भद्रा पुच्छ में रात 12:50 से रात 02:02 बजे तक या भद्रा समाप्त होने के बाद सुबह 4:56 बजे के बाद (यानी तीन मार्च की भोर में) भद्रारहित काल में भी होलिका दहन करना श्रेष्ठ है। रंग भरी होली चार मार्च को खेली जाएगी। तीन मार्च को लगेगा चंद्रग्रहण आचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि स्नान दान के लिए पूर्णिमा तिथि तीन मार्च है। इस साल का पहला चंद्रग्रहण भी तीन मार्च को ही पड़ रहा है। यह एक ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा। ग्रहण दोपहर 03:21 बजे शाम 06:46 बजे तक रहेगा। तीन मार्च को सूतक सुबह 09:20 बजे से शाम 06:46 बजे तक करीब नौ घंटे तक का रहेगा। ग्रहण की वजह से होली से जुड़ा शुभकार्य नहीं हो सकेगा। ज्योतिषाचार्य पं. रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन द्रिक पंचांग अनुसार पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ दो मार्च की शाम 05:55 बजे से होगा, जो कि तीन मार्च की शाम 05:07 बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। होलिका दहन तीन मार्च मंगलवार को प्रदोष के दौरान शाम 06:46 बजे से रात 08:36 बजे भी कर सकते है। होली चार मार्च को ही खेली जाएगी।

## पिता का सोते ...

उसे धमकाया। वह चुप हो गई थी। पिता का शव खींचकर बाथरूम में ले गया। वहां आरी और चाकू से हाथ-पैर काटे। मांस के लोथड़े बोरी में भरे फिर कार की डिग्गी में रख आया था। कमरे में की सफाई की। दोपहर वह बोरी नहर किनारे झाड़ियों में छुपा आया था। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि आरोपी अक्षत को उसके घर ले जाकर मौका मुआयना किया गया। घटना के बारे में जानकारी ली गई। इसके बाद नहर के पास से उसके पिता के हाथ पैर बरामद कर लिए गए हैं। खून से सनी तकिया और कंबल जलाए अक्षत ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि गोली मारने से कंबल, चादर और तकिया पर खून लग गया था। मांस के लोथड़े चिपक गए थे। वह सब भी वह बोरी में भरकर सदरौना में नहर किनारे ले गया था। वहां सब कुछ जला दिया था। पुलिस ने अधजले कपड़े और राख आदि भी बरामद कर ली है। ब्लिंकिट से मंगाई दो चाकू, आरी-ड्रम खरीदकर लाया था : पुलिस की पूछताछ में अक्षत ने बताया कि उसने पिता की हत्या के लिए एक दिन पहले ब्लिंकिट से दो चाकू मंगवाई थी। वह डिलीवरी ब्वाय लेकर आया था। आरी और ड्रम वह खुद बाजार से खरीदकर लाया था। आरी और ड्रम खरीदने से संबंध में पुलिस ने साक्ष्य भी जुटा लिए है।

## पवन हंस का हेलीकॉप्टर ...

किया जाना बाकी है। प्रशासन घायलों को श्री विजया पुरम स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहा है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष...

वह दिल्ली में ही मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी बिना हथियार, यहां तक कि बिना लाठी के वहां पहुंचे थे, ऐसे में इसे दंगा जैसी स्थिति बताना गलत है। घोष ने यह भी टिप्पणी की कि गंभीर अपराधों के बीच पुलिस टी-शर्ट बरामद करने को मुद्दा बना रही है, जो चिंताजनक है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इंडियन यूथ कांग्रेस एआई समिट प्रोटेस्ट केस दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है। इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच इस मामले में आगे की जांच करेगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम' (समझौता कर चुके प्रधानमंत्री) के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है। अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा। इस सच्चाई को देश के सामने रखने के लिए युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और ऋङ्खए के अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी और मैं अपने बब्बर शेर साथियों के साथ मज़बूती से खड़े हैं। सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है। डरो मत - सच और संविधान हमारे साथ हैं।'

## 'सेवा तीर्थ' में पहली...

बाद प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक में इतने दशकों तक सरकारों ने विरासत को संभाला और भविष्य के सपने देखे। हमने एक ऐसे भारत के सपने देखे, जिसकी सोच स्वदेशी हो, स्वरूप आधुनिक हो, और सामर्थ्य अनंत हो। आज यह सेवातीर्थ उसी संकल्पना का वह मूर्तिमान अवतार है जो लोकतन्त्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को बढ़ाएगा। नये प्रधानमंत्री कार्यालय के स्थान के अंग्रेजों के राज के दौर के बैरक वाले इतिहास को याद करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है, '' आज इस अवसर पर इस स्थान के इतिहास को भी स्मरण कर रहे हैं। 'सेवा तीर्थ' उन अस्थायी बैरकों के स्थान पर बना है, जो ब्रिटिश काल के थे। उस स्थान पर राष्ट्र संचालन के सक्रिय संस्थान का निर्माण नये भारत के कायाकल्प का भी प्रतीक है। प्रस्ताव में आगे कहा गया है, 'गुलामी के कालखंड से पहले भारत की पहचान एक ऐसे राष्ट्र के रूप में होती थी जो एक ओर अपनी भौतिक भव्यता के लिए भी जाना जाता था, और दूसरी ओर अपने मानवीय मूल्यों के लिए। सेवातीर्थ की संकल्पना इन दोनों ही आदर्शों से मिलकर बनी है। कर्तव्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी से यह कार्यस्थल एक तीर्थ की भांति पवित्र हो, यह इसकी मूलभावना है। इसमें कहा गया है, 'सेवा तीर्थ' में हो रही इस पहली बैठक के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि यहां लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। भारत के संविधान को सरकार की नैतिक प्रतिबद्धता बताते हुए प्रस्ताव में कहा गया है, '' हमारे लिए संवैधानिक मूल्य उस नैतिक प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति हैं, जो शासन को नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय से जोड़ती है। 'सेवा तीर्थ' की कार्य-संस्कृति इसी आत्मा से संचालित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यह संकल्प दोहराया -'' इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान सत्ता के प्रदर्शन का नहीं, वरन् प्रत्येक भारतवासी के सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। सेवा तीर्थ' से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। हम ये दोहराते हैं कि हम अपनी परिकल्पना के मुताबिक शासन के उस मॉडल को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। इसमें कहा गया है, '' 'सेवा तीर्थ' उस गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर ( शासन कार्य की उस अवसंरचना) की आवश्यकता का उत्तर है, जो जड़ता की जगह गतिशीलता को, उदासीनता की जगह निष्ठा को और संदेह की जगह समाधान को बढ़ावा देता है। इसी सोच के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते वर्षों में लिये गये निर्णयों ने शासन के उद्देश्य को नयी स्पष्टता दी है। करोड़ों नागरिकों के जीवन में आये बदलाव ने शासन के प्रति जनता के विश्वास को मजबूत किया है। मोदी सरकार की एक दशक की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है, '' बीते एक दशक में 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर निकालकर देश ने असंभव समझे जाने वाले काम को संभव करके दिखाया है। ऐसे अनेक कीर्तिमानों के पीछे सरकार की दूरगामी सोच, व्यापक परिकल्पना और अथक परिश्रम रहा है। आयुष्मान भारत के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने का गौरव देश ने हासिल किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत करीब 80 करोड़ नागरिकों तक खाद्य सुरक्षा पहुंचाकर भुखमरी के अभिशाप का अंत किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण से करोड़ों परिवारों और महिलाओं को गरिमापूर्ण जीवन मिला है। ये सभी आंकड़े शासन की उस दिशा का संकेत हैं जहां नीति का अंतिम उद्देश्य नागरिक का जीवन सरल बनाना रहा है। इसी तरह चार करोड़ से अधिक घरों के निर्माण से करोड़ों परिवारों को सिर पर छत और सुरक्षा मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के माध्यम से लगभग 16 करोड़ नागरिकों तक पीने के पानी की पहुंच बनी है।

## पावर ग्रिड के पूंजी...

दी गई है। यह छूट कंपनी की नेट वर्थ के 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा के अंदर ही होगी। श्री वैष्णव ने बिजली क्षेत्र के लिए ग्रिड की सुविधा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा , ' विद्युत पारेषण ग्रिड में जिस तरह से पिछले दशक में निवेश हुआ है, उसके कारण भारत का ग्रिड आज दुनिया के सबसे मजबूत ग्रिड में गिना जाता है। इस तरह के ग्रिड की सहायता से आज देश में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में स्वच्छ बिजली उत्पादन , नवीकरणीय बिजली उत्पादन की क्षमता 50 प्रतिशत से अधिक हो गयी।'' श्री वैष्णव ने कहा , ' यह लक्ष्य (50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्ज़ा का लक्ष्य) दुनिया के बहुत से समृद्ध देश भी प्राप्त कर सके हैं, हमने 2030 के लक्ष्य को 2025 में ही प्राप्त कर लिया । उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्ज़ा के लिए ग्रिड को बहुत सशक्त होना पड़ता है, उसके लिए ग्रिड में लगातार और निवेश की जरूरत पड़ती है। सरकार का कहना है कि निवेश के बढ़े अधिकार के साथ विद्युत पारेषण क्षेत्र की यह कंपनी अपने मुख्य कारोबार में पूंजी निवेश बढ़ा सकेगी और नवीकरणीय ऊर्ज़ा परियोजनाओं की बिजली उठाने और प्रेषित करने में मदद कर सकेगी।

## केरल का नाम 'केरलम'...

विधायी विभाग की राय के बाद इसे मंत्रिमंडल के समक्ष लाया गया।

# कार्यालय ग्राम पंचायत कनवा विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक — दिनांक : 24/02/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनवा विकास खंड हैदरगढ़ में मनरेगा योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य हेतु इंटरलॉकिंग सामग्री ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 25 फरवरी 2026 से 05 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 06 मार्च 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपए में | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | कालीदीन के घर के पास से पुत्तीलाल के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 924222 लगभग | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड इत्यादि |

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कनवा
विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

सचिव
ग्राम पंचायत कनवा
विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

# कार्यालय ग्राम पंचायत शुकुलपुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- दिनांक 24/02/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शुकुलपुर विकास खंड हैदरगढ़ में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 25 फरवरी से 05 मार्च 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 06 मार्च 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत शुकुलपुर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा में छह माह के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय-समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शुकुलपुर
विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी

सचिव
ग्राम पंचायत शुकुलपुर
विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी

# विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में जोरदार बहस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 16वें दिन विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष (मुख्यमंत्री-विजय चौधरी) और विपक्ष के (भाई वीरेन्द्र-कुमार सर्वजीत) के बीच संवाद बहस में बदल गई।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। कुमार सर्वजीत ने कहा कि बर्बरतापूर्वक मारा गया, ये सरकार नहीं चलेगी। राजद विधायकों को जवाब देने के लिए विजय चौधरी उठे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चलेगी तो चौकीदारों की सुनेगा कौन। इतने में मुख्यमंत्री नीतीश भी खड़े हो गए। उन्होंने भाई वीरेन्द्र को कहा कि आप बैठिए। आपकी संख्या कितनी कम है। आप लोगों ने कभी कोई काम नहीं किया है। नीतीश जब बोल रहे थे तो राजद विधायक सर्वजीत भी खड़े हो गए। हंगामा बढ़ा तो राजद विधायक वेल की तरफ बढ़ चले और नीतीश होश में आओ के नारे लगाने लगे। जिसके बाद मार्शल को बुलाकर उनकी तख्तियां हटाई गईं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के बार-बार कहने के बाद विपक्ष के विधायक सीट पर बैठे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'विपक्ष ने चौकीदार-दफादार की बात उठाई। अगर सरकार प्रदर्शन के खिलाफ होती तो प्रदर्शन को रोक देती। हमारी सरकार ने प्रदर्शन नहीं रोका। सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी। आज कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने पोर्टिको में प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बुधवार को बिहार आ रहे अमित शाह के दौरे को लेकर राजद विधायक ने तीखी टिप्पणी की है। भाई वीरेंद्र ने कहा, 'वो आग लगाने आ रहे हैं। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने आ रहे हैं। उनका काम ही यही है, जहां चुनाव होता है पहुंच जाते हैं। बिहार में कोई घुसपैठियां नहीं है।' वही कल तक मरहुम पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब को राज्यसभा भेजने की बात करने वाले भाई वीरेंद्र आज इस सवाल पर ही भड़क गए।

# राघव चड्ढा ने पंजाब के नूरपुर बेदी गांव में खेल परिसर के लिए एक करोड़ रुपये आवंटित किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने पंजाब के रूपनगर जिले के नूरपुर बेदी गांव में एक इनडोर खेल परिसर के निर्माण के लिए अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपीलैड) से एक करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। चड्ढा ने कहा कि नूरपुर बेदी रोपड़ के आसपास के 135 गांवों का केंद्रीय स्थान है, लेकिन पूरे प्रखंड में एक भी इनडोर खेल सुविधा उपलब्ध नहीं है।



उन्होंने सोमवार को 'एक्स' पर एक संदेश में बताया कि उन्होंने स्थानीय विधायक दिनेश चड्ढा के साथ इस महत्वपूर्ण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि एमपीलैड सार्वजनिक धन है और इसका उपयोग सदैव जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप किया जाना चाहिए। आप नेता ने कहा कि नूरपुर बेदी एक अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्र है और यह आवंटन ग्राम पंचायत तथा स्थानीय विधायक द्वारा उठाई गई मांगों के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है, कि यह परियोजना समुदाय की वास्तविक प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। चड्ढा ने कहा कि यह खेल परिसर युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धा और अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस परिसर में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और भारोत्तोलन की सुविधाएं होंगी, साथ ही विद्यार्थियों और रोजगार चाह रहे अभ्यर्थियों के लिए वातानुकूलित पुस्तकालय भी स्थापित किया जाएगा, जिससे शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए एक समग्र स्थान उन्हें उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा के आधारभूत ढांचे में निवेश युवाओं में निवेश है और अंततः यह पंजाब के भविष्य और सुदृढ़ता में निवेश है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, कक्षाएं स्थगित

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सुशीला तिवारी अस्पताल एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। यह ईमेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हुआ, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। धमकी के बाद एहतियातन एमबीबीएस, एमडी और एमएस तक की सभी शैक्षणिक कक्षाएं तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गईं। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को अनावश्यक रूप से परिसर में न आने और हॉस्टल में भी सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। मौके पर पहुंच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने कॉलेज परिसर, छात्रावास, प्रयोगशालाओं, लाइब्रेरी और मुख्य भवन की सघन तलाशी शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक जांच जारी थी और किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई थी। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित घोषित नहीं की जाती, तब तक नियमित शिक्षण कार्य संचालित नहीं होगा। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि उत्तराखंड की अदालतों को भी हाल के दिनों में इस प्रकार की धमकियां मिलती रही हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसी तरह के ईमेल उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में भी भेजे गए हैं।

### मयूर विहार के मॉल पार्किंग में कार में मिला ड्राइवर अचेत प्रारंभिक जांच में प्राकृतिक मौत की आशंका

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में सोमवार शाम एक मॉल की पार्किंग में खड़ी कार के अंदर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार 23 फरवरी की शाम करीब 5:55 बजे थाना मयूर विहार को पीसीआर कॉल मिली कि स्टार सिटी मॉल की पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी के अंदर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार में मौजूद व्यक्ति को बाहर निकाला। जांच में मृतक की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर बताए जा रहे हैं। मौके पर शरीर पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। एहतियातन क्राइम टीम को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया गया। पुलिस ने पार्किंग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के विश्लेषण में किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि सामने नहीं आई। जांच में यह भी पता चला कि दोपहर 12:05 बजे के बाद मृतक की कोई गतिविधि रिकॉर्ड नहीं हुई। तलाशी के दौरान मृतक के पास से अस्थमा से संबंधित दवाइयां भी बरामद हुईं। प्रथम दृष्टया मामला प्राकृतिक मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए शव को अस्पताल भेजकर सुरक्षित रखवाया गया है। जहां पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रणहौला के स्कूल में आग, गार्ड की दम घुटने से मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके स्थित एक स्कूल में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से स्कूल के गार्ड की मौत हो गई। प्रारंभिक आशंका है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। जांच में सामने आया कि आग देर रात ही लग गई थी, लेकिन इसकी जानकारी सुबह उस समय हुई जब स्कूल स्टाफ वहां पहुंचा। आग स्कूल परिसर के गार्ड रूम में लगी थी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान अंदर से एक शव बरामद किया, जिसकी पहचान स्कूल के गार्ड नरेश (58) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आग की सूचना मिलते ही स्कूल और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत और आग लगने की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### सुपौल में विशिष्ट शिक्षकों को प्रौन्नति देने की मांग तेज, डीईओ से मिले प्रदेश महासचिव

**सुपौल।** जिले में विशिष्ट शिक्षकों को प्रौन्नति देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। बिहार विशिष्ट अध्यापक प्रधान शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव सह सुपौल जिला प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सुपौल से मुलाकात कर 6-8 एवं 11-12 के विशिष्ट शिक्षक/विद्यालय अध्यापक को वरीय विशिष्ट शिक्षक के पद पर प्रौन्नति (स्वस्थानिक उत्क्रमण) का लाभ देने की मांग की। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा जारी आदेश के आलोक में यह मांग रखी गई है। संघ लगातार नियोजित से राज्यकर्मी बने शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना के आधार पर प्रौन्नति सहित अन्य सुविधाएं देने की मांग करता रहा है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि सरकार द्वारा गठित कमिटी ने पूर्व सेवाओं की गणना के आधार पर आठ वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रौन्नति देने का सुझाव दिया था। इस दिशा में शिक्षा विभाग, पटना द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बेसिक ग्रेड के विशिष्ट शिक्षकों को स्नातक ग्रेड (6-8), स्नातक ग्रेड के शिक्षकों को 6-8 का वरीय विशिष्ट शिक्षक, 9-10 के विशिष्ट शिक्षक को 11-12 तथा 11-12 के विशिष्ट शिक्षक को 11-12 का वरीय विशिष्ट शिक्षक बनाने संबंधी पत्र जारी किया गया है।

### बगहा के सेमरकोल में एचआईवी सिफलिस स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**पश्चिम चम्पारण(बगहा)।** पश्चिम चंपारण के बगहा अनुमंडल में एड्स पर काबू पाने के लिए अपर परियोजना निदेशक बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के निर्देशानुसार बगहा के सेमरकोल में एचआईवी सिफलिस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पंडित कमलनाथ तिवारी अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा आयोजित किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डा. अशोक तिवारी के अनुसार उक्त शिविर सिविल सर्जन बेतिया एवं एसीएमओ बेतिया के आदेशानुसार किया गया। आगे बताया कि शिविर में शिविर में लगभग 200 से 300 मरीजों का परीक्षण किया गया। जांच में पॉजीटिव पाए गए सेवार्थियों को एआरटी केंद्र बेतिया से जोड़ा गया।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने संजय सरावगी की माता को दी श्रद्धांजलि

■ कोर कमिटी की बैठक में राज्यसभा चुनाव पर हुआ मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना/दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को दरभंगा पहुंचे। वे दरभंगा शहर से भाजपा विधायक-सह प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की दिवंगत माता जी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और उन्हें नमन किया। इससे पहले मिथिला की सांस्कृतिक राजधानी दरभंगा हवाईअड्डे पर उनके पहुंचते ही ‟जय श्री राम", ‟भारत माता की जय" और ‟नितिन नवीन जिंदाबाद" के नारों से माहौल गूंज उठा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने आगे बढ़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गईं और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। हालांकि, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और सीधे प्रदेश अध्यक्ष के आवास के लिए रवाना हो गए। संजय सरावगी की माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नितिन नवीन दरभंगा सर्किट हाउस पहुंचे, जहां भाजपा की कोर कमिटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्यसभा की पांच सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, संजय जायसवाल, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार तथा राज्यसभा सदस्य डॉ. धर्मशीला गुप्ता मौजूद रहीं। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को संजय सरावगी की माता राधा देवी सरावगी का निधन मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था। उनके निधन के बाद से लगातार राजनीतिक नेताओं और मंत्रियों का उनके आवास पर पहुंचना जारी है।

## उत्तम नगर पूर्व मेट्रो स्टेशन पर चलती ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

नई दिल्ली। दिल्ली में मेट्रो स्टेशन पर आत्महत्या का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना से कुछ देर के लिए स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मेट्रो यूनिट पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 10:12 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म से उतरकर ट्रैक पर कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि व्यक्ति ने जानबूझकर प्लेटफॉर्म से नीचे उतरकर ट्रैक पर छलांग लगाई। बाद में शव को ट्रैक से बाहर निकाला गया। मेट्रो पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह के अनुसार जांच में मृतक की पहचान करौली, राजस्थान निवासीमहाराज सिंह (45) के रूप में हुई है। वह पेशे से सफ़ेदी (पुताई) का काम करते थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह पिछले कई वर्षों से अवसाद से पीड़ित थे और राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बताया गया है कि वह सोमवार को भी अस्पताल इलाज के लिए गए थे।

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर पटना में भूकंप परिदृश्य पर 25-26 फरवरी को मॉक ड्रिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर पटना जिला प्रशासन की ओर से भूकंप परिदृश्य पर आधारित टेबल टॉप एक्सरसाईज एवं मॉक एक्सरसाईज का आयोजन किया जा रहा है। पटना समाहरणालय में 25 फरवरी (बुधवार) को सुबह से टेबल टॉप एक्सरसाईज आयोजित की जाएगी, जबकि 26 फरवरी को सात चिन्हित सिमुलेशन स्थलों पर मॉक एक्सरसाईज का आयोजन किया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि इन अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य भूकंप जैसी आपात स्थिति में जिले की तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा करना है। उन्होंने कहा कि भूकंप पर आधारित टेबल टॉप एक्सरसाईज और मॉक ड्रिल प्रशासनिक दृष्टिकोण से अत्यंत प्रभावकारी हैं। इन अभ्यासों के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं स्टेकहोल्डर्स के बीच समन्वय की स्थिति की जांच की जाएगी तथा राहत एवं बचाव कार्यों का परीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में आता है और यह सिस्मिक जोन फोर में स्थित है। ऐसी स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ तैयारी अत्यंत आवश्यक है। मॉक ड्रिल और टेबल टॉप एक्सरसाईज इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जिलाधिकारी के अनुसार, पटना में 26 फरवरी को जिन सात स्थलों पर मॉक अभ्यास किया जाएगा, उनमें पटना समाहरणालय, जेडी वीमेंस कॉलेज एवं छात्रावास, बिस्कोमान भवन, सिटी सेंटर मॉल, जेपी सेतु, गाँधी मैदान और इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सिमुलेशन स्थलों पर यथार्थवादी आपदा परिदृश्य तैयार किए जाएंगे। इनमें संरचनात्मक क्षति, आग लगना, मलबे में फंसे लोग, घायल व्यक्तियों का उपचार, राहत एवं बचाव कार्य जैसे दृश्य शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से नियमित उन्मुखीकरण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं,जिससे कि भूकंप की स्थिति में लोगों को सुरक्षित रखा जा सके और संभावित क्षति को कम किया जा सके।

# क्रिकेट खेलने के विवाद में किशोर की मौत, तीन नाबालिग पकड़े गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ मामूली विवाद एक किशोर की जान ले बैठा। घटना सोमवार शाम वुडलैंड पार्क में हुई। पुलिस के अनुसार 23 फरवरी की शाम करीब 7:22 बजे 12 वर्षीय एक किशोर और 15 वर्षीय नाबालिग के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया, लेकिन विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। 12 वर्षीय किशोर घर पहुंचा और उसने अपने दो चचेरे भाइयों, जिनकी उम्र 17 और 13 वर्ष है, को पूरी घटना बताई। कुछ देर बाद तीनों किशोर दोबारा पार्क में पहुंचे और 15 वर्षीय लड़के को ढूंढकर फिर से झगड़ा शुरू किया। दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। पुलिस के मुताबिक मारपीट के दौरान 15 वर्षीय किशोर के सिर और गर्दन पर जोरदार वार किया गया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में एफआईआर दर्ज कर तीनों किशोर आरोपितों को तत्काल पकड़ लिया गया। सभी से पूछताछ की जा रही है। मृतक, चार भाइयों में से एक था। उसके पिता इलाके में चाय का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार सदमे में है, वहीं स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं।

## सुपौल में 20 हजार घूस लेते सर्वे अमीन गिरफ्तार

सुपौल। सुपौल जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी विभाग, पटना की टीम ने एक सर्वे अमीन को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मंगलवार को निर्मली नगर के वार्ड संख्या 1 स्थित नाग मंदिर के पास यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपित विक्रम कुमार है, जो सर्वे अमीन के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, मरौना अंचल क्षेत्र के खोरमा गांव निवासी रिटायर्ड दफादार जय नारायण यादव से जमीन सर्वे के नाम पर कुल 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। शिकायतकर्ता ने राशि दो किश्तों में देने की बात कही थी। तय योजना के तहत पहली किश्त के रूप में 20 हजार रुपये लेकर नाग मंदिर के पास बुलाया गया। इससे पूर्व जय नारायण यादव ने मामले की शिकायत निगरानी विभाग में की थी। शिकायत की सत्यता की जांच के बाद टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही सर्वे अमीन ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

## 2.5 लाख 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य

# 677.75 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में ग्रामीण वेग वृद्धि परियोजना (रीप) की उच्चाधिकार एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 677.75 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को मंजूरी दे दी गई। मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में सचिव डीएस गब्रियल ने वर्ष 2025-26 की प्रगति एवं अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष की प्रस्तावित कार्ययोजना का विस्तृत विवरण रखा। स्वीकृत कार्ययोजना में स्वरोजगार, आजीविका संवर्धन, आय सृजन गतिविधियों, स्थानीय संसाधन विकास, कृषि तथा सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। समिति ने संबंधित कार्यक्रमों को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना से लाभान्वित महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की अन्य योजनाओं से जोड़ा जाए और योजनाओं के बीच प्रभावी कन्वर्जेंस सुनिश्चित किया जाए। लाभार्थियों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए समेकित कार्ययोजना तैयार करने और ठोस मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित करने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव ने समान प्रकृति के महिला स्वयं सहायता समूहों की पहचान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आय सृजन के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार करने के निर्देश भी दिए। वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में ध्यान में रखते हुए महिलाओं को वित्तीय, तकनीकी, पूंजीगत एवं संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने की विस्तृत योजना बनाने को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में अनुपयोगी पड़े ग्रोथ सेंटरों को सक्रिय करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने ऐसे ग्रोथ सेंटरों की पहचान कर उन्हें 'हाउस ऑफ हिमालय' के माध्यम से प्रभावी उपयोग में लाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण उद्यम त्वरण परियोजना (ग्रामोत्थान) राज्य के सभी जनपदों में ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुदृढ़ करने और पलायन रोकने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। परियोजना के तहत कृषि, गैर-कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े लघु उद्यमों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बैठक में अपर सचिव गिरधारी सिंह रावत, नवनीत पांडेय, झरना कमठान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063